आर.एन.आई नं. 69777/98 / डाक पंजीयन-मालवा डिवीजन/328/2020-22

# दैनिक हिन्दकुश

hindkush.in jagrayam.com

वर्ष - 27 | अंक - 300 | उज्जैन, शुक्रवार 19 सितम्बर 2025 | कुल पृष्ठ - 8, | कीमत -1 रुपया

## कटनी प्रदेश ही नहीं बल्कि पूरे देश की अर्थव्यवस्था में योगदान देने वाला है प्रमुख जिल-मुख्यमंत्री डॉ. यादव

### मुख्यमंत्री ने कटनी जिले को दी लगभग 233 करोड़ लागत के विकास कार्यों की सौगात



भोपाल। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के मार्गदर्शन में मध्यप्रदेश के हर क्षेत्र में विकास की गंगा बह रही है। बदलते दौर में दुनिया के मंचों पर श्री मोदी का सम्मान प्रत्येक देशवासी का सम्मान है। देश तीसरी सबसे सशक्त अर्थव्यवस्था बनने की ओर तेजी से अग्रसर है। प्रधानमंत्री श्री मोदी ने अपने 75 वें जन्मदिवस पर बुधवार को जनजातीय अंचल धार में पीएम मित्र पार्क का शिलान्यास कर मध्यप्रदेशवासियों को अनुपम सौगात दी है। इससे 6 लाख कपास उत्पादक किसानों को सीधा लाभ मिलेगा। लगभग 3 लाख से अधिक प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रोजगार के अवसर सृजित होंगे। इसी क्रम में आज कटनी के जनजातीय क्षेत्र को 233 करोड़ से अधिक लागत के विकास कार्यों की सौगात मिल रही है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री मोदी ने जीवन का एक-एक दिन देशवासियों की सेवा को समर्पित कर दिया है। उनके जन्मदिवस के उपलक्ष्य में आगामी 2 अक्टूबर तक देशभर में सेवा पखवाड़ा चल रहा है। प्रदेश की सभी माताएं-बहनें अपने लिए थोड़ा समय निकालें और स्वास्थ्य शिविरों में अपनी जांच कराएं। यहां महंगी से महंगी जांच, दवाएं और इलाज निःशुल्क होगा। मुख्यमंत्री डॉ. यादव गुरुवार को कटनी के बड़वारा में विकास कार्यों के लोकार्पण एवं भूमिपूजन कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि राज्य सरकार औद्योगीकरण को बढ़ावा देने के लिए हर संभव प्रयास कर रही है। पिछले दिनों माइनिंग कॉन्क्लेव के माध्यम से कटनी जिले में 56 हजार करोड़ रुपए का निवेश आया है।

## बीजापुर और गढ़चिरौली में चार माओवादी ढेर, इनामी आयतु व देवा समेत 12 नक्सलियों का सरेंडर



नई दिल्ली (एजेंसी)। छत्तीसगढ़ के बीजापुर और महाराष्ट्र के गढ़चिरौली क्षेत्र में सुरक्षा बलों के साथ हुई अलग-अलग मुठभेड़ में चार माओवादी मारे गए हैं। बीजापुर में बुधवार दोपहर से चल रही मुठभेड़ में दो माओवादियों के शव बरामद किए गए हैं।

मौके से 303 राइफल, बीजीएल लांचर सहित विस्फोटक सामग्री भी जब्त किए गए हैं। गढ़चिरौली क्षेत्र में भी मुठभेड़ के बाद दो माओवादियों के शव बरामद किए गए हैं। पुलिस चारों की पहचान में जुटी है।

उधर, छत्तीसगढ़ के नारायणपुर के अबूझमाड़ क्षेत्र में बुधवार को 12 माओवादियों ने समर्पण कर दिया। समर्पण करने वालों में पांच-पांच लाख रुपये के इनामी माडवी आयतु व माडवी देवा प्रमुख हैं।

इसके अलावा तीन लाख की इनामी कमली और दो लाख के इनामी माडवी हिडमा ने भी समर्पण किया है। बता दें कि इस वर्ष अब तक नारायणपुर में 177 माओवादी समर्पण कर चुके हैं। पिछले एक साल में राज्य में बसव राजू समेत चार केंद्रीय समिति सदस्य और 463 से अधिक माओवादी मारे जा चुके हैं, जबकि 1500 से अधिक आत्मसमर्पण कर चुके हैं।

## रिटायर महिला डॉक्टर की डिजिटल अरेस्ट के बाद कार्डियक अरेस्ट से मौत, खाते से ठगे थे छह लाख रुपये




नई दिल्ली (एजेंसी)। साइबर ठगी की शिकार एक महिला चिकित्सक की डिजिटल अरेस्ट के दौरान ही कार्डियक अरेस्ट (हृदय गति रुक जाने) से मौत हो गई। 76 वर्षीय सेवानिवृत्त सरकारी चिकित्सक को साइबर ठग तीन दिन तक लगातार परेशान करते रहे और उनसे 6.60 लाख रुपये की ठगी कर ली।

हद तो यह है कि उनके निधन के बाद यह ठग उन्हें ऑनलाइन धमकी देते रहे। पुलिस अधिकारी ने कहा कि शिकायत के आधार पर आइटी अधिनियम और बीएनएस के संबंधित धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया और आगे की जांच जारी है।

पुलिस ने बुधवार को बताया कि साइबर ठगों ने पांच सितंबर को महिला से एक इंस्टेंट मैसेजिंग ऐप से वीडियो काल कर संपर्क किया, जिसमें बेंगलुरु पुलिस का लोगो डिस्प्ले पिक्चर के रूप में दिखाया गया। कानून प्रवर्तन अधिकारी बनकर वृद्ध चिकित्सक से 5 से 8 सितंबर के बीच मानव तस्करी के फर्जी आरोप लगाकर उनके पेंशन खाते से 6.60 लाख रुपये की ठगी की है।

## धरती से बढ़ रही चंद्रमा दूरी, धीरे-धीरे बढ़ती जाएगी मिनट और घंटों की संख्या; क्या है वजह?



नई दिल्ली (एजेंसी)। पृथ्वी का विश्वसनीय खगोलीय साथी चंद्रमा, जो 4.5 अरब वर्षों से हमारे साथ है, अब हमसे दूर होता जा रहा है। मिशिगन स्टेट यूनिवर्सिटी के शोधकर्ताओं ने यह महत्वपूर्ण जानकारी दी है।

भौतिकी और खगोल विज्ञानी डॉ. स्टीफन डिकर्वी के अनुसार, चंद्रमा हर साल 1.5 इंच (3.8 सेमी) की दर से पृथ्वी से दूर हो रहा है। इसके परिणामस्वरूप, पृथ्वी के घूमने की गति भी धीमी हो रही है, जिससे भविष्य में दिन लंबे हो सकते हैं।

चंद्रमा का निर्माण लगभग 4.5 अरब साल पहले हुआ था, जब युवा पृथ्वी पर मंगल ग्रह के आकार का एक प्रोटोप्लैनेट टकराया था, जिससे बहुत सारा पदार्थ अंतरिक्ष में फैल गया। अंततः उसी पदार्थ से चंद्रमा का निर्माण हुआ। यह प्रारंभ में पृथ्वी के बहुत करीब था। उस समय, चंद्रमा आकाश में बहुत बड़ा दिखाई देता था। जीवाश्म विज्ञानियों ने यह प्रमाणित किया है कि लगभग 70 करोड़ साल पहले, डायनोसार के समय के अंत में, पृथ्वी का एक दिन केवल 23.5 घंटे का था।

दूर क्यों होता जा रहा है चंद्रमा

डा. डिकर्वी ने बताया कि ज्वार-भाटे के कारण चंद्रमा हमसे दूर होता जा रहा है। पृथ्वी के ज्वार-भाटे चंद्रमा के गुरुत्वाकर्षण बल से अत्यधिक प्रभावित होते हैं, जिसके कारण हमारे महासागरों में दो उभार बनते हैं। एक उभार चंद्रमा की ओर होता है, क्योंकि यहीं पर गुरुत्वाकर्षण बल सबसे प्रबल होता है, जबकि दूसरा उभार चंद्रमा से दूर होता है, जहां यह बल सबसे कमजोर होता है। ये तरल उभार चंद्रमा के साथ बिल्कुल सरेखित नहीं होते।

## महिला ने भारत और ब्रिटेन की न्यायिक व्यवस्था को धोखा दिया, सुप्रीम कोर्ट ने महिला के व्यवहार की निंदा की



नई दिल्ली (एजेंसी)। सुप्रीम कोर्ट ने एक बच्चे को उसके पिता को सौंपने का निर्देश देते हुए कहा कि इस व्यक्ति की पत्नी ने भारत और ब्रिटेन की न्यायिक व्यवस्था को धोखा दिया, जिसका कारण वही बता सकती है।

जस्टिस जेके माहेश्वरी और विजय बिश्नोई की पीठ ने महिला के व्यवहार की निंदा करते हुए कहा कि यह मामला महिला और उसके पति के बीच गहरे मतभेद को दर्शाता है, जो भारत में एक साथ रहने और अपने बच्चों की परवरिश करने को लेकर दोनों के अलग-अलग विचारों के कारण उत्पन्न हुआ था। शीर्ष अदालत ने कहा कि इस विवाद से न केवल उनके वैवाहिक संबंध खराब हुए हैं, बल्कि उनके दो बच्चों पर भी प्रतिकूल प्रभाव पड़ा है।

इनमें से एक बच्चा अपनी मां के साथ ब्रिटेन में रह रहा है। नवंबर 2010 में शादी करने वाले इस जोड़े के बीच लंबे समय तक चले मतभेद के कारण उनके दो बच्चों से मिलने-जुलने के अधिकार को लेकर भी विवाद हो गया।

नाबालिग बच्चों पर बुरा असर पड़ सकता है- पीठ ने कहा कि यह महज अहंकार का टकराव नहीं है। प्रथम दृष्ट्या यह चिंताजनक मानसिकता को दर्शाता है, जिससे अंततः नाबालिग बच्चों पर बुरा असर पड़ सकता है। अदालत ने कहा कि परिस्थितियों ने उसे यह सोचने के लिए बाध्य कर दिया है कि बच्चों के हितों की रक्षा कैसे की जाए। महिला के आचरण का उल्लेख करते हुए पीठ ने कहा कि उसने अपने बेटे को भारत में छोड़ते समय पिता को सूचित करने का प्राथमिक कर्तव्य नहीं निभाया।

## नेपाल में शांति बहाल करने के लिए भारत आपके साथ, पीएम मोदी ने सुशीला कार्की से की फोन पर बात



नई दिल्ली (एजेंसी)। नेपाल में अंतरिम सरकार के गठन के बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने नेपाल की अंतरिम प्रधानमंत्री सुशीला कार्की से बातचीत की है।

पीएम मोदी ने ट्वीट कर लिखा, नेपाल की अंतरिम सरकार की प्रधानमंत्री सुशीला कार्की के साथ गर्मजोशी से बातचीत हुई। हाल ही में हुई दुखद जनहानि पर हार्दिक संवेदना व्यक्त की और शांति एवं स्थिरता बहाल करने के उनके प्रयासों के प्रति भारत के दृढ़ समर्थन की पुष्टि की। इसके साथ ही, मैंने उन्हें और नेपाल की जनता को कल उनके राष्ट्रीय दिवस पर हार्दिक शुभकामनाएं दीं।

## भारत ने नहीं दिया भाव तो नरम हुए ट्रंप के तेवर, टैरिफ पर जल्द मिल सकती है अच्छी खबर



नई दिल्ली (एजेंसी)। भारत और अमेरिका के बीच ट्रेड डील पर बातचीत जारी है। इसी बीच खबर सामने आई है कि अमेरिका भारत से 25 फीसदी टैरिफ हटा सकता है।

मुख्य आर्थिक सलाहकार वी अनंत नागेश्वरन ने हालिया बयान में उम्मीद जताई है कि अमेरिका जल्द ही भारतीय सामानों पर अतिरिक्त टैरिफ हटा सकता है। साथ ही रैसिप्रोकल टैरिफ भी घटा सकता है। वी अनंत नागेश्वरन ने ये उम्मीद भारत और अमेरिका के बीच जारी ट्रेड डील पर बातचीत के बीच जताई है।

8 से 10 हफ्ते में सुलझ सकता है विवाद- वी अनंत नागेश्वरन ने कहा कि उन्हें उम्मीद है कि 8 से 10 हफ्ते में टैरिफ विवाद का समाधान हो सकता है। उन्होंने कहा, मझे पूरा भरोसा है कि अगले कुछ महीनों में कम से कम 25 फीसदी अतिरिक्त टैरिफ से जरूर समाधान निकल जाएगा।

ट्रेड डील पर सकारात्मक बातचीत- टैरिफ को लेकर भारत और अमेरिका के बीच 16 सितंबर को करीब 7 घंटे कर बैठक हुई। इस बैठक में र की ओर से चीफ नेगोशिएटर ब्रेंडन लिंच तो भारत की ओर से एडिशनल सेक्रेटरी राजेश अग्रवाल शामिल थी। रिपोर्ट्स के अनुसार आज की बैठक आधिकारिक राउंड का हिस्सा नहीं थी।

भारत और अमेरिका के बीच ट्रेड डील को लेकर लगातार पॉजिटिव डेवलपमेंट देखने को मिल रहा है। दोनों देश ट्रेड डील के जरिए टैरिफ का हल निकालने की कोशिश कर रहे हैं। बीते कई महीनों से दोनों देश के रिश्ते तनावपूर्ण दौर से गुजर रहे हैं।

बैठक पर बयान- अमेरिकी दूतावास के प्रवक्ता ने कहा, सहायक अमेरिकी व्यापार प्रतिनिधि ब्रेंडन लिंच ने 16 सितंबर को दिल्ली में अपने समकक्ष वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय के विशेष सचिव राजेश अग्रवाल के साथ द्विपक्षीय व्यापार वार्ता के अगले कदमों पर चर्चा के लिए एक सकारात्मक बैठक की।

इस बैठक को लेकर भारत सरकार की ओर से कहा गया कि संयुक्त राज्य व्यापार प्रतिनिधि कार्यालय के एक दल ने, जिसका नेतृत्व भारत-अमेरिका द्विपक्षीय व्यापार समझौता वार्ता के मुख्य वार्ताकार ब्रेंडन लिंच ने किया, 16 सितंबर, 2025 को भारत का दौरा किया।

बयान में कहा गया, भारत और अमेरिका के बीच द्विपक्षीय व्यापार के स्थायी महत्व को स्वीकार करते हुए, चर्चाएं सकारात्मक और भविष्योन्मुखी थीं, जिसमें व्यापार समझौते के विभिन्न पहलुओं को शामिल किया गया।

# एअर इंडिया प्लेन क्रैश: पीड़ित परिजनों ने बोइंग और हनीवेल के खिलाफ US में किया केस, क्या हैं आरोप?



नई दिल्ली (एजेंसी)। एअर इंडिया प्लेन क्रैश में मारे गए चार यात्रियों के परिजनों ने बोइंग और हनीवेल के खिलाफ मुकदमा दायर किया है। परिजनों ने इस दुर्घटना के लिए कंपनी की वापरवाही और दोषपूर्ण ईंधन कटऑफ स्विच को जिम्मेदार ठहराया है। 12 जून को अहमदाबाद से लंदन जाते समय उड़ान भरने के कुछ ही देर बाद एअर इंडिया का विमान दुर्घटनाग्रस्त हो गया था, जिसमें 260 लोगों की मौत हुई थी।

डेलावेयर सुपीरियर कोर्ट में मंगलवार को दायर एक शिकायत में, पीड़ित परिजनों ने कहा कि बोइंग 787-8 ड्रीमलाइनर पर स्विच का लॉकिंग मैकेनिज्म अनजाने में बंद हो सकता है या गायब हो सकता है, जिससे ईंधन की आपूर्ति में कमी और टेकऑफ के लिए आवश्यक थ्रस्ट में कमी आ सकती है।

उन्होंने कहा कि बोइंग और हनीवेल, जिन्होंने स्विच को स्थापित और निर्मित किया था, इस जोखिम के बारे में जानते थे, खासकर जब अमेरिकी संघीय उड्डयन प्रशासन ने 2018 में कई बोइंग विमानों पर लॉकिंग मैकेनिज्म के बंद होने के बारे में चेतावनी दी थी।

हादसे को रोकने के लिए हनीवेल और बोइंग ने क्या किया- शिकायत में कहा गया है कि स्विच को सीधे थ्रस्ट लीवर के पीछे लगाकर, बोइंग ने प्रभावी रूप से यह सुनिश्चित किया कि सामान्य कॉकपिट गतिविधि के परिणामस्वरूप अनजाने में ईंधन कटऑफ हो सकता है। इस आपदा को रोकने के लिए हनीवेल और बोइंग ने क्या किया? कुछ भी नहीं।

अर्लिंग्टन, वर्जीनिया स्थित बोइंग ने बुधवार को कोई टिप्पणी करने से इनकार कर दिया।

# अफगानिस्तान को आतंकियों का अखाड़ा न बनने दे दुनिया..., भारत ने UN में पाकिस्तान को फिर लताड़ा

नई दिल्ली (एजेंसी)। भारत ने पूरी दुनिया से अपील की है कि वह सुनिश्चित करे कि पाकिस्तान आधारित लश्कर-ए-तैय्यबा और जैश-ए-मोहम्मद जैसे संयुक्त राष्ट्र की ओर से नामित आतंकी संगठन अफगानिस्तान की धरती का इस्तेमाल आतंकवादी गतिविधियों के लिए न करें।

भारत ने साफ कहा कि इन संगठनों और उनके मददगारों को अफगान जमीन का दुरुपयोग करने से रोकना होगा। संयुक्त राष्ट्र में भारत के स्थायी प्रतिनिधि राजदूत परवथानेनी



हरिश ने यह बयान बुधवार को अफगानिस्तान पर हुई सुरक्षा परिषद की बैठक में दिया।

हरिश ने कहा कि भारत और अफगानिस्तान के बीच सभ्यता का गहरा रिश्ता है। भारत की दिली ख्वाहिश है कि अफगानिस्तान में अमन और तरक्की हो। उन्होंने कहा कि भारत अफगानिस्तान की सुरक्षा स्थिति पर बारीकी से नजर रख रहा है।

आतंक पर लगाम के लिए सहयोग की दरकार- हरिश ने कहा कि दुनिया को एकजुट होकर यह सुनिश्चित करना होगा कि संयुक्त राष्ट्र की ओर से नामित आतंकी संगठन, जैसे इस्लामिक स्टेट, अल-कायदा और उनके सहयोगी लश्कर-ए-तैय्यबा व जैश-ए-मोहम्मद, अफगानिस्तान का इस्तेमाल आतंक फैलाने के लिए न करें।

उन्होंने पाकिस्तान का नाम लिए बिना उसकी ओर इशारा किया। भारत का मानना है कि अफगानिस्तान में शांति और स्थिरता के लिए वैश्विक और क्षेत्रीय सहमति जरूरी है।

भारत इस दिशा में सक्रिय है और दोहा में संयुक्त राष्ट्र की बैठकों समेत कई मंचों पर हिस्सा ले रहा है। विदेश मंत्री एस जयशंकर ने दो बार अफगानिस्तान के कार्यवाहक विदेश मंत्री आमिर खान मुत्तकी से बात की है।

## ट्रंप-एप्सटीन की अश्लील चिट्ठी को लेकर विवाद गहराया



नई दिल्ली (एजेंसी)। अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और जेफरी एप्सटीन के बीच कथित तौर पर लिखे गए एक बर्थडे नोट ने सियासी हलकों में हंगामा मचा दिया है। FBI निदेशक काश पटेल ने इस खत की सत्यता की जांच के लिए हामी भर दी है। यह खत ट्रंप ने एप्सटीन के 50वें जन्मदिन पर कथित तौर पर लिखा था। इस खत में एक महिला की आकृति और ट्रंप की हस्ताक्षर वाली टिप्पणी है। लेकिन व्हाइट हाउस ने इसे फर्जी बताया है।

हाउस ओवरसाइट कमेटी की सुनवाई में डेमोक्रेट सांसद जेरेड मोस्कोविट्ज ने पटेल से इस खत की जांच का सवाल उठाया। मोस्कोविट्ज ने इसे राष्ट्रपति के हस्ताक्षर की जालसाजी का मामला बताया है। इसके बाद पटेल ने कहा, ठीक है, मैं इसकी जांच करवाऊंगा। खत में लिखा है कि ट्रंप और एप्सटीन में कुछ चीजें मेल खाती हैं। कमेटी के अध्यक्ष जेम्स कॉमर ने डेमोक्रेट्स की हस्ताक्षर विशेषज्ञ को बुलाने की मांग को खारिज कर दिया। उन्होंने कहा कि जांच का मकसद एप्सटीन के पीड़ितों को इंसाफ दिलाना और सरकारी संलिप्तता की सच्चाई उजागर करना है, न कि 20 साल पुराने जन्मदिन पत्र पर बहस करना।

## कॉमेडियन जिमी किमेल का शो हुआ ऑफ एयर, तो खुश हो गए ट्रंप; क्या है चार्ली कर्क से कनेक्शन?



नई दिल्ली (एजेंसी)। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के बेहद करीबी माने जाने वाले चार्ली कर्क की हत्या ने पूरे यूएस को हिला कर रख दिया है। इस बीच अमेरिका टेलिविजन होस्ट और कॉमेडियन जिमी किमेल के लेट नाइट टॉक शो पर रोक लगा दी गई है।

बताया जा रहा है कि इस शो में कंजरवेटिव एक्टिविस्ट चार्ली कर्क की हत्या पर एक आपत्तिजनक टिप्पणी की गई थी। इस टिप्पणी पर एक्शन लेते हुए एबीसी चैनल ने जिमी किमेल के शो को ऑफ एयर कर दिया है।

राष्ट्रपति ट्रंप ने इस कार्रवाई को बताया शानदार- एबीसी चैनल की इस कार्रवाई को अमेरिका के राष्ट्रपति ने शानदार बताया है। उन्होंने इसकी जमकर तारीफ भी की है। ट्रंप ने जिमी किमेल को टैलेंटलेस और कम रेटिंग वाला शो करार दिया है। इस संबंध में ट्रंप ने अपने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म ट्रूथ पर लिखा कि अमेरिका के लिए बड़ी खुशखबरी- रेटिंग्स की चुनौती देने वाला जिमी किमेल शो रद कर दिया गया है। एबीसी को बधाई कि आखिरकार उन्होंने वो करने का साहस दिखाया जो करना जरूरी था। किमेल में जरा भी प्रतिभा नहीं है, और अगर ऐसा हो सकता है तो उनकी रेटिंग कोलबर्ट से भी बदतर है।

## कैंसर से जूझ रही ग्रीक महिला की कीड़े के काटने से मौत, पुलिस कर रही जांच-पड़ताल



नई दिल्ली (एजेंसी)। ग्रीक उत्तराधिकारी और कैंसर से जूझ रही 28 साल की मारिसा लाइमौ की लंदन में एक कीड़े के काटने से मौत हो गई।

इस जानकारी को उनकी मां ने साझा किया है। द स्टैंडर्ड के अनुसार, लाइमौ जहाज मालिकों के लाइमोस परिवार की सदस्य हैं। उन्हें 11 सितंबर को उनके अपार्टमेंट में उनकी हाउसकीपर ने मृत अवस्था में देखा था।

मामूली बुखार के लिए अस्पताल गई थीं- उनकी मां बेसी लाइमौ ने दावा किया कि उनकी बेटी चक्कर आने, बुखार और संक्रमण जैसे लक्षणों की शिकायत लेकर अस्पताल गई थी। ये कथित तौर पर कीड़े के काटने के कारण हुए थे। लेकिन उन्हें वापस भेज दिया गया।

उनकी मां ने रिपोर्टों के हवाले से कहा, उसे एक कीड़े ने काट लिया था, उसे खुजली हो रही थी, वह डॉक्टर के पास गई, उसने एंटीबायोटिक्स लीं, उसने खाया, सोई, और वह कभी नहीं उठी। मेरी बेटी कैंसर से बच गई। मेरी छोटी बच्ची। वह बहुत सारी प्रतिभाओं वाली लड़की थी। पूरा इंग्लैंड रो रहा है, उसके सभी डॉक्टर भी।

नर्सें ने ही कर दिया इलाज- लाइमौ ने एक घरेलू डॉक्टर को दिखाया जिसने उन्हें पैरासिटामोल लेने की सलाह दी। फिर वह एक ऑन्कोलॉजिस्ट (कैंसर स्पेसिलिस्ट) के पास गईं और उन्हें दूसरे अस्पताल भेज दिया गया, जहां डॉक्टरों की बजाय नर्सों ने उनकी जांच की और एंटीबायोटिक्स देकर छुट्टी दे दी गई।

## सेना के अधिकारियों को आतंकियों के जनाजे में किसने भेजा? जैश कमांडर ने खोली पाकिस्तान की पोल



नई दिल्ली (एजेंसी)। भारत ने ऑपरेशन सिंदूर के दौरान पाकिस्तान को जो चोट दी है, वह उसको हमेशा याद आती रहेगी। इस बीच जैश-ए-मोहम्मद के आतंकी कमांडर इलियास कश्मीरी ने एक बड़ा खुलासा कर पाकिस्तान के सेना प्रमुख आसीम मुनीर की पोल खोल दी है।

दरअसल, जैश-ए-मोहम्मद के आतंकी कमांडर ने पाकिस्तान में एक बड़ा कबूलनामा सामने आया है। उसने दावा किया कि ऑपरेशन सिंदूर में मारे गए आतंकियों के जनाजे में पाकिस्तानी आर्मी के अफसरों को भेजने का आदेश सीधे आर्मी चीफ ने दिया था।

ध्यान देने योग्य है कि जैश-ए-मोहम्मद के आतंकी कमांडर का ये बयान ऐसे समय पर आया है, जब पाकिस्तान दुनिया के सामने दावा करता आया है कि उसके देश में कोई भी आतंकी ठिकाना नहीं है।

एचटी की रिपोर्ट के अनुसार, सामने आए एक वीडियो में जैश-ए-मोहम्मद के आतंकी कमांडर कश्मीरी ने खुलासा किया है कि पाकिस्तानी सेना मुख्यालय (जीएचक्यू) ने ही वरिष्ठ कमांडरों को निर्देशित किया था कि वे मारे गए सभी आतंकियों को सैन्य प्रोटोकॉल के तहत सम्मानित करें। ऑपरेशन सिंदूर के बाद तमाम तस्वीरें भी सामने आई थी, जिसमें देखा गया कि पाकिस्तानी सैन्य अधिकारी आतंकियों के जनाजे में शामिल हुए।

जैश-ए-मोहम्मद के आतंकी कमांडर ने कथित तौर पर कहा कि जीएचक्यू ने निर्देश दिया कि शहीदों को अंतिम सलामी दी जाए और कोर कमांडरों को आदेश दिया कि वे जनाजे के जुलूस में वर्दी में रहें और पहरा दें।

## मेरे जीवन के सर्वोच्च सम्मानों में से एक, ब्रिटेन में हुए जोरदार स्वागत से ट्रंप गदगद; रात्रिभोज पर और क्या कहा?



नई दिल्ली (एजेंसी)। अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और उनकी पत्नी तथा अमेरिका की प्रथम महिला मेलानिया ट्रंप इस समय ब्रिटेन की यात्रा पर हैं। मंगलवार शाम को किंग चार्ल्स तृतीय के निमंत्रण पर ब्रिटेन की दूसरी ऐतिहासिक राजकीय यात्रा ट्रंप और मेलानिया पहुंचे। इस खास मौके पर किंग चार्ल्स तृतीय ने विंडसर कैसल में भव्य तरीके से उनका स्वागत किया।

इस बीच अमेरिकी राष्ट्रपति के स्वागत और सम्मान में विशेष रात्रि भोज का आयोजन किया गया। इस खास स्वागत और सम्मान को देखकर ट्रंप काफी खुश हुए। इतना ही नहीं, ट्रंप ने तो इसे अपने जीवन के सर्वोच्च सम्मानों में से एक करार दिया।

स्टैनस्टेड हवाई अड्डे पर एअर फोर्स वन लैंड हुआ। इसके बाद ब्रिटेन में अमेरिकी राजदूत वॉरेन स्टीफंस और किंग्स लॉर्ड-इन-वेटिंग विस्काउंट हेनरी हूड ने राष्ट्रपति ट्रंप का स्वागत किया। वहीं, बुधवार को अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप को विंडसर कैसल में एक भव्य शाही राजकीय भोज दिया गया।

इस भव्य समारोह में कुल 160 अतिथियों के बीच राजा चार्ल्स तृतीय ने शांति की खोज के लिए राष्ट्रपति ट्रंप की व्यक्तिगत प्रतिबद्धता की प्रशंसा की।

ब्रिटेन में हुए स्वागत और ट्रंप के लिए आयोजित खास समारोह ने ट्रंप का दिल जीता। राष्ट्रपति ट्रंप ने ब्रिटेन की इस यात्रा को जीवन के सर्वोच्च सम्मानों में से एक बताया। इसके साथ ही ट्रंप ने अमेरिका और ब्रिटेन के संबंधों को एक ही राग में दो सुर बताया और कहा कि प्रत्येक अपने आप में सुंदर है। ट्रंप ने कहा कि इन्हें एक साथ बजाया जाना चाहिए।

# कर्नाटक में भी SIR कराने की तैयारी पूरी, किन-किन दस्तावेजों की होगी जरूरत?




नई दिल्ली (एजेंसी)। कर्नाटक में वोटर लिस्ट को दुरुस्त करने की बड़ी मुहिम शुरू होने वाली है। अगले हफ्ते से विशेष गहन संशोधन की शुरुआत हो सकती है, बशर्ते चुनाव आयोग की मंजूरी मिल जाए।

सुप्रीम कोर्ट के बिहार में SIR की वैधता पर फैसले का इंतजार है, जो पूरे देश में इसकी राह खोलेगा। टाइम्स ऑफ इंडिया के मुताबिक, कर्नाटक के मुख्य निर्वाचन अधिकारी वी. अंबुकुमार ने बताया कि तैयारियां लगभग पूरी हैं, लेकिन EC की औपचारिक हिदायत के बाद ही कदम उठाया जाएगा। राज्य में 2002 की वोटर लिस्ट को आधार बनाकर यह काम होगा। उस वक्त आखिरी बार गहन संशोधन हुआ था। जिन वोटरों का नाम बाद में जुड़ा, उन्हें ही दस्तावेज देने होंगे। राजनीतिक दलों से बातचीत पूरी हो चुकी है और जिला निर्वाचन अधिकारियों व पंजीकरण अधिकारियों के लिए ट्रेनिंग मॉड्यूल तैयार हैं। डेटासेट भी भेजे जा चुके हैं।

कर्नाटक में 58,000 बूथ-स्तरीय अधिकारी घर-घर जाकर वोटर लिस्ट की जांच करेंगे। उनके लिए किट तैयार की जा रही है, जिसमें गणना फॉर्म और हैंडबुक शामिल होंगे। ये किट अगले हफ्ते पहुंच जाएंगी। सारी तैयारियां 25 सितंबर तक पूरी होने की उम्मीद है। वोटर लिस्ट से गलत नाम हटाने की यह 90 दिन की मुहिम होगी। इस दौरान 5.4 करोड़ वोटरों की लिस्ट को दुरुस्त किया जाएगा। SIR शुरू होने के बाद कोई नया नाम, हटाने या पते में बदलाव की इजाजत नहीं होगी। BLOs दो QR-कोडेड फॉर्म इस्तेमाल करेंगे। वोटरों को दस्तावेज देने की शर्तें उनकी उम्र पर निर्भर करेंगी। 1987 से पहले जन्मे लोगों को 12 तय दस्तावेजों में से एक देना होगा, जिसमें आधार सिर्फ पहचान के लिए मान्य है। 1987 से 2004 के बीच जन्मे वोटरों को दो दस्तावेज देने होंगे एक जन्म का और दूसरा माता-पिता का।

## पाकिस्तान-सऊदी अरब की डिफेंस डील पर आया विदेश मंत्रालय का रिएक्शन



नई दिल्ली (एजेंसी)। सऊदी अरब और पाकिस्तान के बीच एक रणनीतिक रक्षा समझौते की खबर ने पूरी दुनिया का ध्यान खींचा है। भारत ने इस घटनाक्रम पर तीखी नजर रखी है और इसे अपनी राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए अहम मान रहा है।

विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने कहा कि भारत इस समझौते के असर को गहराई से परखेगा। यह समझौता दोनों देशों के बीच पुराने रिश्तों को औपचारिक रूप देता है, मगर इसके क्षेत्रीय और वैश्विक स्थिरता पर पड़ने वाले प्रभावों को भारत बारीकी से देख रहा है।

विदेश मंत्रालय के आधिकारिक प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने कहा, ÷हमने सऊदी अरब और पाकिस्तान के बीच एक रणनीतिक पारस्परिक रक्षा समझौते पर हस्ताक्षर की खबरें देखी हैं। सरकार को पता था कि यह घटनाक्रम, जो दोनों देशों के बीच एक दीर्घकालिक व्यवस्था को औपचारिक रूप देता है, विचाराधीन था।

हम अपनी राष्ट्रीय सुरक्षा के साथ-साथ क्षेत्रीय और वैश्विक स्थिरता पर इस घटनाक्रम के प्रभावों का अध्ययन करेंगे। सरकार भारत के राष्ट्रीय हितों की रक्षा और सभी क्षेत्रों में व्यापक राष्ट्रीय सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध है।

## वोट ऑनलाइन डिलीट नहीं किए जा सकते, राहुल गांधी के नए आरोपों पर EC का पलटवार




नई दिल्ली (एजेंसी)। कांग्रेस नेता और लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने एक बार फिर से कथित वोट चोरी का मुद्दा उठाया है। राहुल गांधी ने कहा कि कर्नाटक में आलंद एक निर्वाचन क्षेत्र है। किसी ने 6018 वोटों को हटाने की कोशिश की।

राहुल गांधी ने कहा, हमें नहीं पता कि 2023 के चुनाव में आलंद में कुल कितने वोट हटाए गए। ये संख्या 6,018 से कहीं ज्यादा है,लेकिन कोई उन 6018 वोटों को हटाते हुए पकड़ा गया और यह संयोग से पकड़ा गया।

इसके साथ ही राहुल गांधी ने कहा है कि मुख्य चुनाव आयुक्त उन लोगों को बचा रहे हैं जो वोट चोरी में शामिल हैं। इसके अलावा कांग्रेस नेता ने कहा कि महाराष्ट्र में वोटर लिस्ट में कई नाम जोड़े गए हैं। इन आरोपों के बाद अब चुनाव आयोग का भी जवाब आ गया है।

चुनाव आयोग ने जवाब में क्या कहा- चुनाव आयोग ने राहुल गांधी के आरोपों को बेबुनियाद बताया है। आयोग ने कहा है कि राहुल के आरोप आधारहीन और गलत है। चुनाव आयोग के मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार ने कहा, वोट कभी ऑनलाइन डिलीट नहीं हो सकता है। चुनाव आयोग ने आलंद में वोट काटने की कोशिश पर खुद एफआईआर दर्ज कराई थी।

## पीएम मोदी के जन्मदिन पर हैप्पी बर्थडे से जगमगाया बुर्ज खलीफा, दुनियाभर के नेताओं ने किया विश




नई दिल्ली (एजेंसी)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के बुधवार को 75वें जन्मदिन के अवसर पर दुबई का प्रतिष्ठित बुर्ज खलीफा उनकी तस्वीरों से जगमगा उठा। दुनिया की सबसे ऊंची इमारत ने दुबई के क्षितिज को प्रधानमंत्री मोदी के चित्रों और उत्सव संदेशों से जगमगा दिया। यह समारोह भारत और संयुक्त अरब अमीरात के बीच आपसी सम्मान और सहयोग पर आधारित बढ़ते संबंधों को दर्शाता है।

इससे पहले, संयुक्त अरब अमीरात के राष्ट्रपति शेख मोहम्मद बिन जायद अल नाहयान ने एक्स पर एक पोस्ट के जरिए प्रधानमंत्री मोदी को शुभकामनाएं दीं।

संयुक्त अरब अमीरात के राष्ट्रपति ने अपने पोस्ट में कहा, नरेंद्र मोदी को आपके जन्मदिन पर हार्दिक बधाई। मैं आपके निरंतर अच्छे स्वास्थ्य और खुशहाली की कामना करता हूं और भारत की प्रगति और उसके लोगों की समृद्धि को आगे बढ़ाने में आपकी निरंतर सफलता की कामना करता हूं।

प्रधानमंत्री मोदी के जन्मदिन पर दुनिया भर से शुभकामनाएं आईं। इससे पहले आज, विश्व स्वास्थ्य संगठन के प्रमुख टेड्रोस अदनोम घेब्रेयेसस ने भी प्रधानमंत्री मोदी को उनके जन्मदिन पर शुभकामनाएं दीं।

उन्होंने X पर लिखा, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, आपको 75वें जन्मदिन की हार्दिक शुभकामनाएं! आपको ढेर सारी शुभकामनाएं। मैं आपके नेतृत्व से बहुत प्रभावित हूं। अपने इस खास दिन पर भी आप भारत में महिलाओं के स्वास्थ्य को बढ़ावा देने और उनकी सुरक्षा के लिए एक महत्वपूर्ण पहल की शुरुआत कर रहे हैं।

## मैं सभी धर्मों का सम्मान करता हूं, भगवान विष्णु की मूर्ति पर टिप्पणी को लेकर हुआ विवाद तो CJI गवई क्या बोले?



नई दिल्ली (एजेंसी)। देश के मुख्य न्यायाधीश बीआर गवई ने भगवान विष्णु की मूर्ति के पुनर्निर्माण से जुड़े एक मामले में की गई टिप्पणी को लेकर सोशल मीडिया पर बवाल हो गया है। अब सीजेआई ने कहा है कि वो सभी धर्मों का सम्मान करते हैं।

उन्होंने कहा, किसी ने मुझे कल बताया कि मेरी ओर से की गई टिप्पणियों को सोशल मीडिया पर प्रचारित किया गया है। मैं सभी धर्मों का सम्मान करता हूं। मुख्य न्यायाधीश और न्यायमूर्ति के विनोद चंद्रन की पीठ ने 16 मई को मध्य प्रदेश में यूनेस्को विश्व धरोहर खजुराहो मंदिर परिसर के एक हिस्से, जावरी मंदिर में भगवान विष्णु की सात फीट ऊंची मूर्ति के पुनर्निर्माण और पुनः स्थापना के निर्देश देने की मांग वाली याचिका खारिज कर दी।

क्या कहा था सीजेआई गवई ने- इस याचिका को प्रचार हित याचिका करार देते हुए, मुख्य न्यायाधीश ने कहा, यह विशुद्ध रूप से प्रचार हित याचिका है... जाकर स्वयं भगवान से कुछ करने के लिए कहो। यदि आप कह रहे हैं कि आप भगवान विष्णु के प्रबल भक्त हैं, तो आप प्रार्थना करें और थोड़ा ध्यान करें।

मुख्य न्यायाधीश ने कहा था, इस बीच, यदि आप शैव धर्म के विरोधी नहीं हैं तो आप वहां जाकर पूजा कर सकते हैं... वहां शिव का एक बहुत बड़ा लिंग है, जो खजुराहो में सबसे बड़ा है।

याचिका पर विचार करने से सुप्रीम कोर्ट का इनकार-पीठ ने राकेश दलाल की ओर दायर याचिका पर विचार करने से इनकार कर दिया था, जिसमें छतरपुर जिले के जावरी मंदिर में क्षतिग्रस्त मूर्ति को बदलने और उसकी प्राण प्रतिष्ठा करने की मांग की गई थी। मुख्य न्यायाधीश की टिप्पणी के बाद सोशल मीडिया पर कई आलोचनात्मक पोस्ट प्रकाशित हुईं।

सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने कहा, मैं पिछले 10 वर्षों से सीजेआई को जानता हूं, यह भी गंभीर है, हम न्यूटन के नियम को जानते थे कि प्रत्येक क्रिया की समान प्रतिक्रिया होती है... अब प्रत्येक क्रिया पर सोशल मीडिया पर असमानुपातिक प्रतिक्रिया होती है।

## बरी हुए 7 आरोपियों को HC का नोटिस, 6 हफ्तों में दाखिल करना होगा जवाब; क्या है वजह?




नई दिल्ली (एजेंसी)। बॉम्बे हाईकोर्ट ने साल 2008 में मालेगांव विस्फोट के पीड़ित परिवारों द्वारा दायर की गई अपील को स्वीकार कर लिया है। इस अपील में साध्वी प्रज्ञा, लेफ्टिनेंट कर्नल प्रसाद पुरोहित सहित सभी सात आरोपियों को बरी करने के फैसले को चुनौती दी गई है।

दरअसल, कोर्ट ने प्रतिवादियों- राष्ट्रीय जांच एजेंसी और बरी किए गए आरोपियों को नोटिस जारी किया है। इस मामले की सुनवाई छह सप्ताह बाद निर्धारित की है।

पिछले हफ्ते दायर की गई थी याचिका- बता दें कि पिछले सप्ताह बॉम्बे हाईकोर्ट में एक अपील दायर की गई थी। इस अपील में दावा किया गया है कि दोषपूर्ण जांच या जांच में कुछ खामियां आरोपियों को बरी करने का आधार नहीं हो सकतीं। इसके साथ ही तर्क दिया गया कि विस्फोट की साजिश गुप्त रूप से रची गई थी और इसलिए इसका प्रत्यक्ष प्रमाण नहीं हो सकता है।

याचिका में उठाया गया आरोपियों को बरी करने का मुद्दा- याचिकाकर्ताओं ने दावा किया कि विशेष एनआईए अदालत द्वारा 31 जुलाई को सात आरोपियों को बरी करने का आदेश गलत और कानूनी रूप से अनुचित था और इसलिए इसे रद्द किया जाना चाहिए।

17 साल पहले दहल उठा था मालेगांव- उल्लेखनीय है कि 29 सितंबर 2008 को महाराष्ट्र के नासिक जिले में मुंबई से लगभग 200 किमोमीटर दूर मालेगांव शहर में एक मस्जिद के पास एक मोटरसाइकिल पर बंधे विस्फोटक उपकरण में ब्लास्ट हो गया था। इस ब्लास्ट में छह लोगों की जान गई थी। इस हादसे में 101 लोग घायल हुए थे।

दैनिक हिन्दकुश
सर्वे भवन्तु सुखिनः
उज्जैन, इंदौर, भोपाल से प्रकाशित
hindkush.in
24x7 News portal
हिन्दकुश
info@hindkush.in
jagrayam.com
online news magazine
जागृयाम
info@jagrayam.com

मानव जीवन में सदैव उतार-चढाव आता है व्यक्ति को कभी इससे घबराना नहीं चाहिए।
पं. श्रीराम शर्मा आचार्य

हिन्दकुश

हिन्द : भारत कुश : पवित्र तृण

सर्वे भवन्तु सुखिनः सर्वे सन्तु निरामयाः सर्वे भद्राणि पश्यन्तु मा कश्चिद् दुःख भागभवेत्
सभी सुखी हो, सभी निरोगी रहे, सभी का शुभ हो, कोई भी दुखी न हो।



विक्रम संवत 2079 शुक्ल तृयोदशी


## संपादकीय

# महिला निर्देशकों की बढ़ती उपस्थिति का विश्व सिनेमा पर गहरा और परिवर्तनकारी प्रभाव पड़ा है...



महिला निर्देशकों की बढ़ती उपस्थिति का विश्व सिनेमा पर गहरा और परिवर्तनकारी प्रभाव पड़ा है, जो स्थापित मानदंडों को चुनौती देता है, कहानी कहने में विविधता लाता है, और नए दृष्टिकोणों की पेशकश करता है जो पहले कम प्रतिनिधित्व किए गए थे। यह आंदोलन केवल एक आँकड़ा बढ़ाने के बारे में नहीं है; यह उन कहानियों में एक मौलिक बदलाव के बारे में है जो उन्हें बताती हैं, जो उन्हें बताती हैं, और उन्हें वैश्विक दर्शकों द्वारा कैसे माना जाता है। विविध नैरेटिव और परिप्रेक्ष्य दशकों से, सिनेमाई परिदृश्य को बड़े पैमाने पर पुरुष टकटकी द्वारा आकार दिया गया था - नारीवादी फिल्म सिद्धांत का एक शब्द जिस तरह से महिलाओं को अक्सर पुरुष दर्शकों की खुशी के लिए वस्तुओं के रूप में चित्रित किया जाता है। महिला निर्देशकों ने सक्रिय रूप से इसे खत्म करने के लिए काम किया है, ÷महिला टकटकी÷ की शुरुआत की है जो महिला विषय, अंतर और एजेंसी पर केंद्रित है। इसके कारण फिल्में बनी हैं-गहराई और जटिलता के साथ केंद्र महिला नायक– जेन कैंपियन (द पियानो, द पावर ऑफ द डॉग), सोफिया कोपोला (लॉस्ट इन ट्रांसलेशन, द वर्जिन सुसाइड), और सेलाइन साइसम्मा (पोर्ट्रेट ऑफ ए लेडी ऑन फायर) जैसे निर्देशक शिल्प कथाएँ जहां महिलाओं को पुरुषों के साथ उनके संबंधों द्वारा परिभाषित नहीं किया गया है, लेकिन पूर्ण, बहुआयामी चरित्र अपनी इच्छाओं, पहचान और संघर्षों की खोज कर रहे हैं।

सहानुभूति, पहचान और सामाजिक मुद्दों के विषयों का अन्वेषण करें– भारत में गौरी शिंदे (इंग्लिश विंग्लिश) और ज़ोया अख्तर (गली बॉय) के अंतरंग नाटकों से लेकर संयुक्त राज्य अमेरिका में अवा डुवर्ने (13 वीं) के सामाजिक रूप से जागरूक वृत्तचित्रों तक, महिला निदेशक अक्सर अपने काम के प्रति एक अनूठी संवेदनशीलता लाते हैं, लिंग, नस्ल, वर्ग और सामाजिक न्याय के विषयों को संबोधित करते हैं।

चुनौती शैली सम्मेलनों– महिला निर्देशकों ने सभी शैलियों में काम करने की अपनी क्षमता का प्रदर्शन किया है, एक्शन और हॉरर से लेकर कॉमेडी और ड्रामा तक, जबकि अक्सर पारंपरिक ट्रॉप्स को कम करते हैं। सर्वश्रेष्ठ निर्देशक के लिए अकादमी पुरस्कार जीतने वाली पहली महिला कैथरीन बिगेलो एक प्रमुख उदाहरण है, द हर्ट लॉकर जैसी एक्शन और युद्ध फिल्मों में अपने प्रशंसित काम के साथ। स्वतंत्र और विश्व सिनेमा का उदय जबकि महिलाएं मूक युग के बाद से फिल्म निर्माण में शामिल रही हैं - ऐलिस गाय-ब्लाचे जैसे अग्रदूतों के साथ - उनके अवसर ऐतिहासिक रूप से पुरुष-प्रधान स्टूडियो प्रणाली में सीमित थे। 20 वीं शताब्दी के उत्तरार्ध में स्वतंत्र फिल्म आंदोलनों के उदय ने महिलाओं को उन कहानियों का प्रयोग करने और बताने के लिए एक महत्वपूर्ण मंच प्रदान किया जो प्रमुख स्टूडियो द्वारा ग्रीनलिट नहीं हो सकती थीं। इस बदलाव की भूमिका फिल्म निर्माताओं के करियर में थी- एग्नेस वर्दा– फ्रेंच न्यू वेव की एक प्रमुख आकृति, 5 से 7 मिश्रित वृत्तचित्र और कथा से क्लेओ जैसी उनकी फिल्में, एक मानवतावादी और अक्सर आत्मकथात्मक परिप्रेक्ष्य की पेशकश करती हैं जो क्रांतिकारी थीं।

चैंटल अकरमैन– अपने न्यूनतम और अत्यधिक औपचारिक दृष्टिकोण के लिए जाना जाता है, अकरमैन की फिल्में, विशेष रूप से जीन डायलमैन, 23, क्वाई डु कॉमर्स, 1080 ब्रुक्सलेस, रोजमर्रा की जिंदगी और पालतू जानवरों के कट्टरपंथी पुनर्निर्माण के लिए नारीवादी सिनेमा के स्थलों को माना जाता है। आज, यह प्रवृत्ति दुनिया भर की महिला निर्देशकों की एक नई पीढ़ी के साथ जारी है जो अंतरराष्ट्रीय प्रशंसा प्राप्त कर रही हैं।

# बलवंतराय मेहता




बलवंतराय गोपालजी मेहता भारतीय राजनीतिज्ञ और गुजरात के दूसरे मुख्यमंत्री थे। इन्होंने भारतीय स्वतंत्रता आंदोलन में भी भाग लिया था। लोकतांत्रिक विकेंद्रीकरण की दिशा में उनके योगदान के लिए उन्हें पंचायती राज का वास्तुकार माना जाता है।

### जन्म व शिक्षा

बलवंतराय मेहता का जन्म 19 फ़रवरी, 1900 को भावनगर में एक माध्यम वर्गीय परिवार में हुआ था। उन्होनें बी.ए. तक पढ़ाई की थी। 1920 में उनकी ग्रेजुएशन पूरी हुई थी। जब नतीजे आए तो वह हर विषय में उत्तीर्ण थे। उन्होंने अंग्रेज़ सरकार की दी हुई डिग्री लेने से मना कर दिया था। इस समय उनकी उम्र महज 20 साल थी। कॉलेज से निकलने के बाद लाला लाजपतराय के संगठन 'सर्वेंट ऑफ़ पीपल' की सदस्यता ले ली। सर्वेंट ऑफ़ इंडिया गैर-राजनीतिक संगठन था। लाला जी ने कांग्रेस से इतर सामाजिक सेवा के लिए इस संगठन को बनाया था। बलवंतराय मेहता लंबे समय तक इसके सदस्य रहे और दो बार इसके अध्यक्ष भी चुने गए।

### राजनीतिक शुरुआत

1921 वो साल था जब बलवंतराय मेहता का सियासी सफ़र शुरू हुआ। 1921 में उन्होंने भावनगर प्रजामंडल की स्थापना की। उस समय भावनगर एक प्रिंसली स्टेट या रजवाड़ा हुआ करता था। यहां अंग्रेजों का सीधा कब्ज़ा नहीं था। गुहिल राजा कृष्णाकुमार सिंह का राज हुआ करता था। महज़ 21 की उम्र में बलवंतराय सामंती शासन के खिलाफ मोर्चा लेना शुरू कर चुके थे। 1928 में सूरत के बारडोली में गांधीजी और सरदार पटेल के नेतृत्व में सत्याग्रह शुरू हुआ। बलवंतराय इस सत्याग्रह के महत्वपूर्ण सदस्य बनके उभरे। 1930 से 1932 तक चले असहयोग आंदोलन के दौरान वह जेल में रहे। 1942 के भारत छोड़ो आंदोलन के दौरान उन्हें फिर से जेल में डाल दिया गया। वह आज़ादी से पहले करीब सात साल तक जेल में रहे।

आज़ादी के बाद गांधीजी के कहने पर बलवंतराय मेहता ने कांग्रेस कार्यकारिणी की सदस्यता ली। 1952 में देश में पहली बार चुनाव हुए। भावनगर को उस समय गोहिल राजाओं की वजह से गोहिलवाड़ के नाम से जाना जाता था। बलवंतराय यहां से कांग्रेस के टिकट पर चुनाव में उतर गए। उनके मुकाबिल थे, निर्दलीय उम्मीदवार कृष्णलाल। बलवंतराय मेहता 80256 वोट हासिल करके माननीय सांसद बने। 1957 में दूसरी लोकसभा के चुनाव थे। बलवंतराय गोहिलवाड़ (भावनगर) से चुनाव लड़ गए। सामने थे प्रजा सोशलिस्ट पार्टी के जशवंत भाई मेहता। बलवंतराय 82582 वोट हासिल कर आसानी से चुनाव जीत गए। वहीं जशवंत भाई मेहता महज़ 62958 वोट ही हासिल कर पाए।

### पंचायती राज के पितामह

गांधीजी ने 'स्वराज' का खाका खींचा था, उसमें हर गांव को एक स्वंतत्र इकाई की तरह काम करना था। वह चाहते थे कि हर गांव इतना आत्मनिर्भर हो कि अपनी सरकार खुद चला सके। इसलिए हर गांव और गांव की पंचायत का मजबूत होना जरूरी था। 1957 में दूसरे लोकसभा चुनाव के बाद पंडित जवाहरलाल नेहरू ने इस दिशा में पहलकदमी की। दरअसल 1957 की जनवरी में सामुदायिक विकास के कार्यक्रमों की जांच के लिए एक कमिटी बनाई गई थी। इस कमिटी की अध्यक्षता कर रहे थे बलवंतराय मेहता। नवंबर 1957 में इस कमिटी ने अपनी सिफारिशें सौंपी। तीन स्तर वाले पंचायती राज का पूरा खाका सामने रखा गया।

1 अप्रैल 1958 को संसद ने बलवंत राय मेहता समिति की सफारिशों को पारित कर उन्हें लागू किया। 2 अक्टूबर 1959 को पंडित नेहरू ने राजस्थान के नागौर जिले से भारत में पंचायती राज की विधिवत शुरुआत की। लेकिन इन सिफारिशों को पूरी तरह लागू करने वाला पहला राज्य बना आंध्र प्रदेश। भारत में पंचायती राज संस्थाओं को संवैधानिक दर्जा हासिल करने के लिए काफ़ी इंतजार करना पड़ा। 1993 में 73वां संशोधन कर पंचायती राज को संवैधानिक दर्जा दिया गया। इनके नियमित चुनाव सुनिश्चित किए, लेकिन बलवंतराय मेहता कमिटी द्वारा सुझाए गए तीन स्तरीय पंचायती राज के ढांचे में कोई बदलाव नहीं किया गया। ये तीन स्तर हैं- गांव के स्तर पर ग्राम पंचायत, ब्लॉक के स्तर पर पंचायत समिति और जिला स्तर पर जिला पंचायत। इस तरह आज भी बलवंतराय मेहता का दिया हुआ ढांचा यथावत जारी है।



### मुख्यमंत्री का पद

24 अगस्त 1963 को आए कामराज प्लान ने कांग्रेस के कई कद्दावर नेताओं की बलि ली। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री चन्द्रभानु गुप्ता नेहरू के विरोधी खेमे से आते थे। कामराज प्लान के तहत पंडित नेहरू ने अगस्त 1963 में चंद्रभानु गुप्ता से इस्तीफ़ा ले लिया। मोरारजी देसाई इस इस्तीफे के बहुत खिलाफ थे। उन्होंने पहले नेहरू जी को समझाने की कोशिश की। जब नेहरू नहीं माने तो वो इसी प्लान के तहत जीवराज मेहता के इस्तीफे पर अड़ गए। गुजरात मोरारजी का गृहराज्य था। जीवराज मेहता, मोरारजी की मर्ज़ी के खिलाफ़ नेहरू जी की सिफारिश के चलते सूबे के पहले मुख्यमंत्री बने थे। मोरारजी के दबाव की वजह से जीवराज मेहता को अपने पद से इस्तीफ़ा देना पड़ा। मोरारजी पहले भी बलवंतराय मेहता का नाम सुझा चुके थे, लेकिन नेहरू के सामने उनकी ज्यादा चल नहीं पाई थी। इस मौके पर उन्होंने अपनी पसंद के आदमी को गुजरात के मुख्यमंत्री की कुर्सी तक पहुंचा ही दिया। सितंबर 1963 को बलवंतराय मेहता राज्य के दूसरे मुख्यमंत्री बने।

### मृत्यु

19 सितम्बर, 1965 को भारत-पाक युद्ध के दौरान बलवंतराय मेहता मीठापुर से कच्छ तक जा रहे थे। रास्ते में पाकिस्तानी वायु सेना ने उनके विमान पर हमला कर दिया, जिसमें मेहता जी के साथ उनकी पत्नी, तीन कार्यकर्ता, एक पत्रकार और दो विमान चालक की मौत हो गई।

# एफसीआई के चावल स्टॉक के आधे से ही पूरी हो सकती है इथेनॉल की जरूरत



नई दिल्ली (एजेंसी)। सरकार ने पूरे देश में 20त्न इथेनॉल मिलावट वाले पेट्रोल की बिक्री का जो लक्ष्य रखा है, उसे हासिल करना मुश्किल नहीं है। इनक्रेड रिसर्च ने अपनी रिपोर्ट में बताया है कि इसके लिए इथेनॉल की कमी नहीं होगी। भारतीय खाद्य निगम के चावल बफर स्टॉक का आधे से भी कम हिस्सा इस जरूरत को पूरा करने के लिए पर्याप्त है।

बफर स्टॉक की जरूरत का 4 गुना चावल उपलब्ध- रिपोर्ट में कहा गया है, भारत की पूरी 20 प्रतिशत मिश्रण आवश्यकता को पूरा करने के लिए 11 अरब लीटर इथेनॉल चाहिए। इतना इथेनॉल सिर्फ 2.3 करोड़ टन चावल से बनाया जा सकता है। FCI का चावल बफर मानक 135 लाख टन है, जबकि वर्तमान स्टॉक स्तर बढ़कर 540 लाख टन हो गया है। अर्थात उपलब्ध बफर स्टॉक जरूरत का 4 गुना है।

इसका मतलब है कि अगर अतिरिक्त चावल के आधे से भी कम स्टॉक को दूसरी जगह इस्तेमाल किया जाए, तो भी मिश्रण का लक्ष्य आराम से पूरा हो जाएगा। इस गणना में मक्का या अन्य फीडस्टॉक को शामिल नहीं किया गया है। उनके उत्पादन के रुझान भी समान रूप से मजबूत हैं।

सरकार के तीसरे अग्रिम अनुमान के अनुसार 2024-25 में कुल 32.87 करोड़ टन अनाज का उत्पादन हुआ। इसमें से चावल उत्पादन 14.90 करोड़ टन है। यह अब तक का रिकॉर्ड है। वर्ष 2023-24 में देश में 13.78 करोड़ टन चावल उत्पादन हुआ था। पिछले 10 वर्षों में औसत सालाना उत्पादन 12 करोड़ टन रहा है। इसके अलावा गेहूं उत्पादन 11.75 करोड़ टन और मक्का उत्पादन 4.23 करोड़ टन रहा है। मक्के का दीर्घकालिक औसत 3 करोड़ टन है। चावल और मक्का उत्पादन में चालू सीजन में भी बेहतर प्रदर्शन की उम्मीद है।

रिपोर्ट के अनुसार, यह सरप्लस केवल संख्या नहीं है। एफसीआई का चावल भंडार आवश्यक बफर स्टॉक से चार गुना अधिक होने के कारण, देश में इथेनॉल फीडस्टॉक का पर्याप्त भंडार मौजूद है।

अतिरिक्त भंडार से रखरखाव पर बढ़ता है खर्च- अतिरिक्त भंडार एफसीआई के लिए भी चुनौती है क्योंकि इससे भंडारण क्षमता पर दबाव पड़ता है। लंबे समय तक भंडारण और अपर्याप्त भंडारण सुविधाओं के कारण अनाज सड़ने का खतरा बढ़ जाता है। चीनी-आधारित इथेनॉल उत्पादकों को जहां नीतिगत चुनौतियों और स्थिर कीमतों का सामना करना पड़ रहा है।

## केंद्र सरकार के कर्मचारियों से वित्त मंत्रालय का अनुरोध, शर्तों के साथ करना होगा ये काम




नई दिल्ली (एजेंसी)। अगर आप केंद्र सरकार के कर्मचारी हैं या फिर रिटायर होकर पेंशन की योजना पर विचार कर रहे हैं, तो यह खबर आपके लिए अहम है। क्योंकि, केंद्र सरकार ने यूनिफाइड पेंशन स्कीम को लेकर कर्मचारियों और रिटायर हो चुके अधिकारियों के लिए बड़ा अपडेट जारी किया है।

वित्त मंत्रालय ने साफ कहा है कि जो कर्मचारी या रिटायर्ड अधिकारी नेशनल पेंशन सिस्टम से UPS में आना चाहते हैं, उन्हें 30 सितंबर 2025 तक अपना विकल्प चुनना होगा।

मंत्रालय ने अनुरोध किया है कि कर्मचारी आखिरी समय तक इंतजार न करें, ताकि आवेदन प्रक्रिया में कोई दिक्कत न हो। एक बार समयसीमा निकल जाने के बाद NPS में रहने वाले कर्मचारी UPS में शामिल नहीं हो पाएंगे।

4 शर्तों के साथ हो सकता है बदलाव- वित्त मंत्रालय के तहत वित्तीय सेवाएं विभाग ने 24 जनवरी 2025 को UPS की अधिसूचना जारी की थी। इसके बाद 25 अगस्त 2025 को एक और ऑफिस मेमोरेंडम जारी कर UPS से NPS में लौटने की सुविधा दी गई। हालांकि, यह बदलाव सख्त 4 शर्तों के साथ किया जा सकता है। शर्तें इस प्रकार हैं-

## चार महीने में 50% रिटर्न, अब ये कंपनी बांटने जा रही एक पर एक बोनस शेयर, अपने बिजनेस में रखती है बड़ा दबदबा



नई दिल्ली (एजेंसी)। इंडस्ट्रियल पैकेजिंग बिजनेस की नामी कंपनी टाइम टेक्नोप्लास्ट बोनस शेयर बांटने जा रही है और इस बोनस इश्यू के लिए रिकॉर्ड डेट नजदीक आ गई है। खास बात है कि यह एक मल्टीबैगर शेयर है जिसने लंबी अवधि के साथ-साथ मध्यम अवधि में भी जबरदस्त रिटर्न दिया है। टाइम टेक्नोप्लास्ट के शेयर पिछले 4 महीने में 50 फीसदी से ज्यादा चढ़ गए हैं। इस साल मई में कंपनी के शेयर 308 रुपये पर थे और अब भाव 476 रुपये है।

टाइम टेक्नोप्लास्ट के शेयर 18 सितंबर को 478 रुपये पर खुले और 480.80 का हाई लगाया व मामूली गिरावट के साथ 476.10 रुपये पर बंद हुए। आइये आपको बताते हैं इस शेयर के लिए बोनस इश्यू की रिकॉर्ड डेट क्या है। क्या है बोनस शेयर की रिकॉर्ड डेट?

टाइम टेक्नोप्लास्ट ने पिछले महीने अपने शेयरधारकों को बोनस शेयर देने का ऐलान किया था और इसके लिए रिकॉर्ड डेट 23 सितंबर 2025 निर्धारित की है। ऐसे में नए निवेशकों के पास बोनस शेयर पाने के लिए सिर्फ 2 दिन 19 सितबंर और 22 सितंबर बाकी है।

कौन होगा बोनस शेयर के लिए पात्र- डिविडेंड, बोनस शेयर या स्टॉक स्प्लिट जैसे कॉरपोरेट एक्शन का लाभ उठाने के लिए निवेशकों को रिकॉर्ड डेट से पहले निवेश करना होता है। क्योंकि, रिकॉर्ड डेट के दिन शेयर आपके डीमैट अकाउंट में होना चाहिए। चूंकि, भारतीय बाजार में ञ्ज+ सेटलमेंट लागू है, ऐसे में शेयर खरीदने के बाद अगले दिन डीमैट अकाउंट में क्रेडिट होते हैं। अगर आप टाइम टेक्नोप्लास्ट के शेयरों में निवेश कर बोनस इश्यू का लाभ उठाना चाहते हैं तो आपको इस कंपनी के स्टॉक 22 सितंबर तक खरीदने होंगे ताकि वे 23 सितंबर तक आपके डीमैट अकाउंट में क्रेडिट हो जाए। दरअसल, रिकॉर्ड डेट के दिन कंपनी अपनी रिकॉर्ड बुक में शेयरधारकों की डिटेल चेक करती है और उन्हें बोनस इश्यू जारी करती है।

## लगातार दो दिन से गिरा रहा है सोना, अभी खरीद लें या इंतजार करें



नई दिल्ली (एजेंसी)। दो दिन से लगातार सोने में गिरावट देखी जा रही है। दोपहर 3 बजे एमसीएक्स में सोने का भाव 56 रुपये प्रति 10 ग्राम गिरा है। हालांकि चांदी की चमक अब तेज होती हुई दिख रही है। इसमें 357 रुपये प्रति किलो का उछाल दिख रहा है।

गिरावट के समय हर निवेशक सोना खरीदने का प्लान बना रहा है, लेकिन क्या ये सोने में निवेश करने का सच में सही समय है? ऐसे ही कई तमाम सवाल हमने अपने एक्सपर्ट से किए हैं। आइए इनके बारे एक-एक करके बात करते हैं।

हमने सोने और चांदी में निवेश से जुड़े सवाल कमोडिटी एक्सपर्ट अजय केडिया और या वेल्थ ग्लोबल के डायरेक्टर अनुज गुप्ता से पूछे हैं।

शॉर्ट टर्म में सोने और चांदी में कितनी करेक्शन देखी जा सकती है- या वेल्थ ग्लोबल के डायरेक्टर अनुज गुप्ता का कहना है कि सोने का भाव 106000 रुपये से 107000 रुपये प्रति 10 ग्राम तक जा सकता है। ऐसे ही चांदी का दाम 1,20,000 रुपये से 122,000 रुपये तक जा सकता है।

वहीं कमोडिटी एक्सपर्ट अजय केडिया का कहना है कि शॉर्ट टर्म में सोने और चांदी में 5 से 6 फीसदी तक गिरावट देखी जा सकती है। इस करेक्शन का कारण फेड रेट कहा जा सकता है।

# रतन टाटा के जाने के बाद बिकने जा रहा ताज होटल, 17600 करोड़ में हो सकती है डील



नई दिल्ली (एजेंसी)। भारतीय उद्योग जगत का दिग्गज टाटा ग्रुप अपने होटल कारोबार में बड़ा कदम उठाने की तैयारी कर रहा है। खबर है कि टाटा की ताज होटल्स चेन अमेरिका में न्यूयॉर्क के लग्जरी द पियरे होटल को बेच सकती है। यह डील करीब 2 अरब डॉलर (लगभग 17,628 करोड़ रुपए) की हो सकती है।

खरीदार के तौर पर ब्रुनेई के सुल्तान हसनल बोल्किया और सऊदी व्यापारी एस्सम खशोगी का नाम सामने आया है। अगर यह सौदा होता है, तो ताज करीब 20 साल बाद इस प्रतिष्ठित होटल का प्रबंधन छोड़ देगा। इसके बाद अमेरिका में ताज के पास सिर्फ एक होटल-ताज कैम्पटन प्लेस (सैन फ्रांसिस्को) बचेगा। ताज ग्रुप ने फिलहाल इस डील पर कोई आधिकारिक टिप्पणी नहीं की है। हालांकि, न्यूयॉर्क टाइम्स की रिपोर्ट बताती है कि द पियरे होटल का बोर्ड बिक्री के लिए अंतिम दौर की बातचीत में है। अगर डील पक्की हो जाती है, तो होटल का मैनेजमेंट लग्जरी चेन डोर्चेस्टर कलेक्शन को मिल सकता है, जो सुल्तान हसनल बोल्किया के स्वामित्व में है। वहीं, एस्सम खशोगी इस डील को फंड करने वाले हैं।

ताज ने 2005 में खरीदा था होटल- ताज ने साल 2005 में द पियरे होटल को खरीदा था और इसे उत्तरी अमेरिका में अपना सबसे खास होटल बताया था। साल 2009 में 100 मिलियन डॉलर की लागत से इसका नवीनीकरण किया गया। होटल में 189 कमरे, रेस्टोरेंट और लग्जरी अपार्टमेंट मौजूद हैं।

होटल में रहने वाले अपार्टमेंट मालिक भी इसके शेयरधारक हैं। इनमें अमेरिका के कॉमर्स सेक्रेटरी और ट्रंप प्रशासन में प्रमुख भूमिका निभा चुके हावर्ड लुट्निक, जॉर्डन की राजकुमारी फिरयाल, फैशन डिजाइनर टोरी बर्च और डिज्नी के पूर्व प्रमुख माइकल आइजनर जैसी हस्तियां शामिल हैं।

## कैसे पतंजलि का ऑर्गेनिक आंदोलन गढ़ रहा है भारतीय खेती का भविष्य, पर्यावरण के फायदे के लिए उठाए बड़े कदम



नई दिल्ली (एजेंसी)। ऑर्गेनिक खेती आज के समय में पर्यावरण की रक्षा करने का एक असरदार तरीका बनकर सामने आई है। यही नहीं, यह खेती दुनिया के सामने खड़े आर्थिक और स्वास्थ्य संबंधी कई संकटों को हल करने में भी मदद कर रही है। भारत की बात करें तो लोग अब इस बात पर ध्यान देने लगे हैं कि उनका खाना कहाँ और कैसे उगाया जा रहा है। इसी वजह से ऑर्गेनिक फूड की माँग दिन प्रतिदिन बढ़ रही है, और यह तभी संभव हो पाया है जब देश में ऑर्गेनिक खेती को फिर से अपनाया गया।

धीरे-धीरे लोग सस्टेनेबल (टिकाऊ) जीवनशैली की ओर बढ़ रहे हैं। यह भले ही व्यक्तिगत चुनाव हो, लेकिन प्रभाव डालने वाले कारक बहुत अहम होते हैं। पतंजलि आयुर्वेद, जो प्राकृतिक और समग्र दृष्टिकोण के लिए जाना जाता है, भारत में इस बदलाव को एक आंदोलन बनाने में बड़ी भूमिका निभा रहा है।

दैनिक हिन्दकुश
hindkush.in
24x7 News portal
सर्वे भवन्तु सुखिनः
उज्जैन, इंदौर, भोपाल से प्रकाशित
jagrayam.com
online news magazine
ऑनलाईन संवाददाता/ब्यूरो प्रतिनिधि चाहिए
हिन्दकुश मीडिया
hindkushmedia@gmail.com
jagrayam@gmail.com

# चुनाव में मेरे 5 लाख खर्च हो गए, तुम वापस करो क्योंकि मैं हार गया यह बोलकर सीधे गोली मार दी



दमोह। मध्य प्रदेश के दमोह जिले के पटेरा थाना अंतर्गत ग्राम शिकारपुरा में चुनावी रंजिश के चलते गुरुवार की सुबह एक व्यक्ति की गोली मारकर हत्या कर दी। हत्या करने के बाद आरोपी फरार हो गया था। पुलिस द्वारा मामला दर्ज कर आरोपी की तलाश की गई जिसे शाम को पकड़ लिया गया।

घटना के संबंध में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सुजीत सिंह भदोरिया ने बताया कि दमोह जिले के पटेरा थाना अंतर्गत ग्राम शिकारपुरा में पंचायत चुनाव को लेकर देवेंद्र लोधी के बड़े पिता का बेटा आनंदी लोधी सरपंच पद हेतु चुनाव मैदान में खड़ा हुआ था। इस चुनाव में दूसरी ओर आरोपी मोती लोधी भी मैदान में था। लेकिन इस चुनाव में मृतक देवेंद्र का भाई आनंदी लोधी चुनाव जीत गया और मोती लोधी चुनाव हार गया। तभी से दोनों में दुश्मनी चल रही थी और बीच-बीच में बाद विवाद भी चलता रहता था लेकिन दोनों के बीच बातचीत नहीं होती थी।

मृतक देवेंद्र लोधी तीन भाई हैं जिसमें देवेंद्र सबसे बड़ा था। तीनों की मिलकर कल 40 एकड़ पैतृक कृषि भूमि है। मृतक देवेंद्र का एक 15 साल का बेटा भी है। मृतक कुछ वर्षों से हटा में अपने परिवार के साथ रहता था। बुधवार रात अपने माता-पिता से मिलने गांव पहुंचा था और सुबह गुरुवार को उसकी हत्या कर दी गई। आरोपी मोती के पास चार एकड़ जमीन है और वह आपराधिक प्रवृत्ति का है तथा उसके विरुद्ध पूर्व से भी कई मामले दर्ज हैं।

वही इस मामले में प्रत्यक्ष दर्शी घायल जगत सिह ने बताया कि मोती सिह लोधी अचानक से आया और पहले देवेंद्र के साथ मारपीट कर उसे घायल कर दिया। उसके बाद गोली मारकर हत्या कर दी।

उसने यह भी बताया कि वह आए दिन अपने भाई को धमकियां देकर पैसों की मांग करता था कि जो चुनाव में मेरे पैसे खर्च हुए हैं 5 लाख तुम वापस करो क्योंकि मैं चुनाव हार गया। इसी बात को लेकर भी गुरुवार की सुबह अपने दो साथियों के साथ आया और विवाद करते हुए देवेंद्र की गोली मारकर हत्या कर दी।

## बालाघाट कलेक्टर मृणाल मीना का फेसबुक अकाउंट हैक, चाल नहीं चल पाया ठग, 5 रुपये मिलने पर भड़का




बालाघाट। साइबर अपराध की गिरफ्त में आम लोगों के साथ प्रशासनिक अधिकारी भी आ रहे हैं। बालाघाट कलेक्टर मृणाल मीना का फेसबुक अकाउंट हैक हो गया है। कलेक्टर ने इसकी शिकायत बालाघाट साइबर सेल से कर दी है। कलेक्टर के फर्जी फेसबुक अकाउंट से ठग ने बालाघाट सहित उज्जैन में भी कई लोगों को फ्रेंड रिक्वेस्ट भेजी थी।

बता दें कि मृणाल मीना बालाघाट कलेक्टर बनने से पहले उज्जैन में जिला पंचायत सीईओ रह चुके हैं। इसलिए ठग ने उज्जैन में रहने वाले मृणाल मीना के परिचित अधिकारियों को भी फांसने का प्रयास किया, लेकिन इसमें वह असफल रहा। जानकारी के अनुसार, उज्जैन में जिला पंचायत के अकाउंट ऑफिसर यशवंत गोठवाल को फर्जी अकाउंट से कलेक्टर मृणाल मीना के नाम से पैसों की मांग से जुड़ा मैसेज आया। ठग ने यशवंत से 75 हजार रुपये की मांग की। पांच रुपये डालने पर ठग गुस्सा हो गया और यशवंत से बदतमीजी करने लगा। इसके बाद शक होने पर यशवंत ने पड़ताल की तो पता चला कि मृणाल मीना के नाम से फेसबुक पर आया मैसेज और उनका फेसबुक अकाउंट हैक हो चुका है। फर्जी अकाउंट से ठग ने बालाघाट में भी कई लोगों को फ्रेंड रिक्वेस्ट भेजी है।

इनमें बालाघाट के व्यापारी, पत्रकार सहित कलेक्ट्रेट में कार्यरत कर्मचारी-अधिकारी भी हैं। कलेक्टर मृणाल मीना ने बताया कि ठग ने इंटरनेट मीडिया से मेरी फोटो का इस्तेमाल कर फर्जी फेसबुक अकाउंट बनाया है। उन्होंने लोगों से अपील की कि उनके नाम से आने वाली फ्रेंड रिक्वेस्ट स्वीकार न करें और न ही पैसे मांगने से जुड़े मैसेज पर प्रतिक्रिया दें।

## बालाघाट में मुआवजा राशि दिलाने के नाम पर बीट गार्ड ने मांगे 3.5 लाख, ईओडब्ल्यू ने पकड़ा

बालाघाट। लालबर्रा के नवेगांव के ग्रामीणों के विस्थापन प्रक्रिया में मिली राशि दिलाने के नाम पर वन विभाग के एक बीट गार्ड को ईओडब्ल्यूडी जबलपुर ने रिश्वत लेते रंगेहाथ पकड़ा है। गुरुवार को दोपहर 11.30 बजे ये कार्रवाई हुई। टीम ने पश्चिम वन परिक्षेत्र लालबर्रा के बीट गार्ड मत्तम नगपुरे को उस समय ट्रैप किया, जब वह नवेगांव के राजेन्द्र धुर्वे के साथ एसबीआई बैंक आया था।

वह राजेन्द्र से तीन लाख रुपये निकालने के लिए आहरण पर्ची भरा रहा था, तभी ईओडब्ल्यूडी की टीम ने उसे बैंक के बाहर पकड़ लिया। डीएसपी मंजीत सिंह ने बताया कि आरोपित बीट गार्ड राजेन्द्र से मुआवजा राशि दिलाने के नाम पर चार लाख रुपये की मांग कर रहा था। ये डील 3.5 लाख रुपये हुई। बीट गार्ड राजेन्द्र से पहले ही 50 हजार रुपये ले चुका है। शेष तीन लाख रुपये के लिए वह ग्रामीण के साथ गुरुवार को बैंक पहुंचा था। विस्थापन किया जा रहा है।

वह ग्रामीण से उसे खाते में आई मुआवजा राशि से तीन लाख रुपये निकालने का दबाव बना रहा था। बता दें कि बाघ सहित अन्य वन्यप्राणियों के बढ़ते हमलों को देखते हुए सोनेवानी, चिखलाबड्डी और नवेगांव का विस्थापन किया जा रहा है। इन तीनों गांवों के ग्रामीणों को 15-15 लाख रुपये प्रति यूनिट के हिसाब से शासन से मुआवजा राशि दी जा रही है।

# पन्ना में दुनिया का सबसे बड़ा 150 कैरेट का हीरा मिलने का दावा, पट्टा धारकों के विवाद में हुआ गायब



पन्ना। मध्य प्रदेश के पन्ना में दुनिया का सबसे बड़ा और बेशकीमती 150 कैरेट का हीरा मिलने का दावा सामने आया है। लेकिन हीरा कार्यालय में जमा होने से पहले ही खदान के पट्टा धारकों के आपसी विवाद के कारण यह गायब हो गया। इस मामले में जयबहादुर सिंह ने हीरे के गायब होने की लिखित शिकायत हीरा कार्यालय और पुलिस कोतवाली में दर्ज करवाई है। शिकायत के बाद पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।

पन्ना की रत्न गर्भा धरती में कितने बेशकीमती हीरे है, इसका इतिहास 15-10-1961 से चला आ रहा है । जब पन्ना निवासी रसूल मोहम्मद ने 44 कैरेट 55 सेंट का हीरा कार्यालय में जमा किया गया था तब से इस धरती में कितने बड़े-बड़े बेशकीमती हीरे मिल सकते है इसका कोई भी अनुमान नहीं लगया जा सकता है। बस इसी तम्न्ना से लोग पन्ना पहंचकर अपनी किस्मत अजमाने के लिए इसी उम्मीद में पन्ना की उथली हीरा खदानों को लगाते है ओर रातों रात रंक से राजा बन जाते हैं।इसी खोज में जयबहादुर सिंह पिता बलवीर सिंह निवासी मैहर ने अपने 5 साथियों के साथ पन्ना पहुंचकर 13/2/25 को हीरा कार्यालय से पट्टा जारी करवाया कड़ी मेहनत के बाद 7 माह की मेहनत के बाद 5 सितंबर को कृष्णा कल्याणपुर की उथली खदान से एक सहयोगी साथी को 150 कैरेट का हीरा प्राप्त हुआ लेकिन मामले में सनसनी तब फैल गई जब हीरा कार्यालय में जब जयवहादुर सिंह पिता बलवीर सिंह निवासी इटमा गोरहाई थाना तहसील राम नगर जिला मैहर निवासी ने जानकारी देते हुए बताया कि हीरा कार्ययाल से हीरा खनन हेतु पटटा लिया था, जिसका पुस्तक क्रमांत 45 पट्टा क्रमांक 0062 खसरा नंबर 102/1 दिनांक 13/02/2025 को जारी हुआ था जिसमें कृष्णा कल्याणपुर पटी में खादान चालू किया था।

9 सितंबर को मिला था हीरा जिसमें मेरे साथ पार्टनर के रूप में किशोर खोड़े निवासी इंदौर, नरेन्द्र कुमार सेन निवासी विलखुरा जिला पन्ना, दयाराम पटेल निवासी विलखुरा, महेन्द्र सिंह गौड़ ग्राम मठली और प्रकाश पटेल ग्राम विलखुरा उक्त सभी लोगों के साथ मिलकर खादान का काम कर रहा था। 9 सितंबर को मेरी खादान में हीरा प्राप्त हुआ जिसका अनुमानित बजन 150 कैरेट के लगभग दयाराम द्वारा बताया गया। मेरे एक पार्टनर किशोर खोड़े निवासी इंदौर वालों के मोबाइल में फोटो भेजा अन्य पार्टनरों को नहीं दिखाया वोला जब इंदौर वाले और रामनगर वाले आ जाएंगे तब दिखाऊंगा।

किशोर द्वारा मुझको फोनपे जानकारी दी गई खादान में हीरा मिला है, दयाराम पटेल के पास रखा है। इसको सभी पार्टनरों के साथ हीरा काार्यालय जा कर जमा करा दीजिए। इसके बाद वो दयाराम पटेल के पास गया और बोला कि चलो जो हीरा मिला है उस को हीरा कार्ययाल में जमा करा देते हैं। दयाराम के मन में खोट आ गया और वह अपनी बात से पलट गया। मैंने उसके खिलाफ थाना कोतवाली नगर जिला पन्ना कोतवाली में शिकायती आवेदन दिया है।

वह अपने या कोई अन्य रिश्तेदारों के नाम से पटटा बनवाकर कर हीरा कार्ययाल में जमा कराना चहता है। मैं उस हीरे की फोटो के साथ प्रस्तुत्त कर रहा हूं। इस हीरे को न ही जमा कराया जाए न ही निलामी में रखवाया जाएगा। इस शिकायती पत्र के बाद पूरे प्रदेश में चर्चा का विषय बन गया है कि अगर यह हीरा जिला प्रशासन सफलतापूर्वक जमा करवा लेती है तो यह प्रदेश के लिए गौरव की बात होगी।

हीरे की फोटो के साथ मिली शिकायत इस पूरे मामले में शिकायत हीरा कार्यालय को हीरे की फोटो के साथ प्राप्त हुई है और पुलिस में भी आवेदन गया है। आगे की कार्यवाही की जा रही है अगर यह हीरा कार्यालय में जमा हो जाता है तो अब तक का सब से बड़ा हीरा होगा।

**- अनुपम सिंह (हीरा पारखी**

## बिहार से दिल्ली जाते समय ट्रेन से भटकी महिला, भूखी-प्यासी हालत में बेटे संग जंगल में मिली



मझगवां। पुलिस केवल कानून-व्यवस्था संभालने वाली संस्था ही नहीं, बल्कि संवेदनशीलता और मानवता की भी मिसाल है। इसका जीता-जागता उदाहरण मझगवां थाना पुलिस ने बुधवार को प्रस्तुत किया, जब उन्होंने बिहार से भटकी एक महिला और उसके मासूम बेटे को सकुशल परिजनों से मिलवाया।

बुधवार सुबह स्थानीय लोगों ने डायल 112 पर सूचना दी कि ग्राम कैलाशपुर के जंगल में एक महिला अपने करीब 5 वर्षीय बेटे के साथ भूखी-प्यासी और बेसुध जैसी हालत में भटक रही है। सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस महिला को थाने लेकर आई और उसे भोजन उपलब्ध कराया।पूछताछ में महिला ने अपना नाम बैजन्ती देवी पति गोपाल मांझी (उम्र 40 वर्ष), निवासी ग्राम महुआनी थाना अवतारनगर जिला छपरा (सारण), बिहार बताया और बेटे का नाम लवकुश मांझी बताया। बैजन्ती ने बताया कि वह बेटे के साथ दिल्ली जाने के लिए घर से निकली थी, लेकिन गलती से दूसरी ट्रेन में बैठ गई और रास्ता भटक गई। कई दिनों तक भटकने के कारण उसके पैरों में छाले पड़ गए थे। थाना प्रभारी आदित्य नारायण सिंह धुर्वे ने बताया कि महिला की हालत हल्की मानसिक विक्षिप्त सी थी। उसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मझगवां में उपचार दिलाया गया और फिर छपरा (बिहार) पुलिस से संपर्क किया गया।



# मुख्यमंत्री डॉ.यादव ने स्वच्छता के लिए श्रमदान कर स्वच्छोत्सव का शुभारंभ किया




इंदौर। मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव ने कहा है कि हर व्यक्ति को स्वच्छता के साथ जुड़ना चाहिये। स्वच्छता हमारी आदतों में और दिनचर्या में शमिल हो। हर नागरिक का कर्तव्य है कि वे ना तो वह स्वयं गंदगी करें और दूसरों को भी नहीं करने दे। उन्होंने कहा कि एमवाय अस्पताल में अंदर और बाहर दोनों ओर साफ-सफाई पर विशेष ध्यान दिया जाये। इस संबंध में उन्होंने अस्पताल प्रबंधन और जिला प्रशासन के अधिकारियों को निर्देश भी दिये। उन्होंने कहा कि एमवाय अस्पताल के विकास में राज्य सरकार द्वारा पूरी मदद दी जायेगी।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने बुधवार को सेवा पखवाड़े और स्वच्छता ही सेवा अभियान के तहत इंदौर के एमवाय हॉस्पिटल परिसर में स्थानीय जनप्रतिनिधियों के साथ स्वच्छता के लिए श्रमदान किया । उन्होंने इस दौरान नगर निगम इंदौर के ई-वेस्ट कलेक्शन वाहनों को हरी झंडी दिखाकर रवाना भी किया। उन्होंने एमवाय हॉस्पिटल परिसर में आयोजित कार्यक्रम में कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन को प्रदेश में स्वच्छता ही सेवा अभियान के रूप में मनाया जा रहा है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने अस्पताल प्रबंधन और जिला प्रशासन के अधिकारियों को निर्देश दिए कि एमवाय हॉस्पिटल के अंदर और बाहर की साफ-सफाई पर विशेष ध्यान दें। उन्होंने कहा कि एम. वाय. अस्पताल में विकास कार्यों के लिए प्रदेश सरकार हर तरह की मदद देगी। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने उपस्थिति नागरिकों को स्वच्छता की शपथ दिलाई और स्वच्छता के प्रति सजग रहकर सप्ताह में 2 घंटे तथा वर्ष में 100 घंटे स्वच्छता के लिए श्रमदान करने की सभी से अपील की। उन्होंने नागरिकों से अपील की गंदगी न तो करें और न होने दें। कार्यक्रम में उन्होंने स्वच्छता ही सेवा अभियान के लॉंचिंग लोगो का विमोचन भी किया।

नगर निगम इंदौर के महापौर श्री पुष्यमित्र भार्गव ने इस अवसर पर कार्यक्रम का संचालन करते हुये बताया कि ई-वेस्ट आज के समय में सबसे गंभीर प्रदूषण कारक अपशिष्ट है, जिसका निपटान यदि वैज्ञानिक पद्धति से न किया जाए तो यह पर्यावरण और मानव स्वास्थ्य दोनों के लिए अत्यंत हानिकारक है। इसलिये नगर निगम इन्दौर द्वारा शहर को स्वच्छ एवं प्रदूषण मुक्त बनाए रखने के उद्देश्य से 17 सितम्बर से 2 अक्टूबर तक स्वच्छता ही सेवा अभियान के तहत ई-वेस्ट संग्रहण अभियान प्रारंभ किया गया है। इस विशेष अभियान के प्रथम चरण में निगम मुख्यालय, नेहरु पार्क स्थित इंदौर स्मार्ट सिटी ऑफिस में ई-वेस्ट ड्रॉप बॉक्स स्थापित किए गए हैं। इन ड्रॉप बॉक्स में निगम के समस्त अधिकारी एवं कर्मचारी अपने घर अथवा कार्यालय से निकलने वाले अनुपयोगी एवं खराब इलेक्ट्रॉनिक उपकरण जैसे कि मोबाइल, चार्जर, पंखे, कंप्यूटर पार्ट्स, बैटरी, टीवी, रिमोट इत्यादि जमा करेंगे।

### तेज बारिश में इंदौर में बहा पांच साल का बच्चा, चार घंटे की खोज के बाद मिला शव



इंदौर। इंदौर के मायाखेड़ी इलाके में बारिश में बहने से पांच साल के बच्चे की मौत हो गई। वह रात को नाले के किनारे पहुंच गया था। पैर फिसलने के कारण नाले में गिरा और तेज बहाव में वह बह गया। परिजनों को बच्चा नहीं मिला तो पुलिस को सूचना दी। सुबह नगर निगम की टीम ने रेस्क्यू आपरेशन शुरू किया। बायपास के मायाखेड़ी ग्रामीण क्षेत्र में बुधवार रात को पांच साल के एक बच्चे के लापता होने की सूचना पुलिस को मिली थी। बस्तीवालों ने आशंका जताई थी कि बच्चा नाले में गिरा होगा। रात को अंधेरा होने के कारण बचाव अभियान नहीं चल पाया। सुबह नगर निगम का अमला मौके पर पहुंचा और बच्चे की खोज शुरू की। नाले के तेज बहाव के साथ कचरा भी बहकर आया था। चार घंटे की खोज के बाद एक ब्रिज के पास बच्चे का शव मिला। बच्चे का नाम राजवीर पिता राजपाल है।परिवार बाहर से इंदौर में मजदूरी करने आया था और नाले किनारे झोपड़ी में रहता था।

## कलेक्टर शिवम वर्मा के निर्देशन में आबकारी विभाग द्वारा अवैध मदिरा परिवहन के विरुद्ध कार्रवाई लगातार जारी



इंदौर। कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी श्री शिवम वर्मा के मार्गदर्शन में इंदौर जिले में अवैध शराब परिवहन के विरूद्ध लगातार कार्रवाई जारी है। इसी क्रम में आज बुधवार को आबकारी विभाग ने आयशर वाहन से पशु आहार के पीछे छुपाकर अवैध रूप से ले जायी जा रही 504 विदेशी शराब की पेटियां जब्त की। जप्त शराब एवं वाहन की कुल अनुमानित क़ीमत लगभग 40 लाख रुपये से अधिक है। आबकारी उप निरीक्षक श्री मनीष राठौर को मुखबिर द्वारा सूचना प्राप्त हुई कि ग्राम मेहतवाड़ा में आयशर वाहन खड़ा है,जिसमें पशु आहार के पीछे बोरों में छुपाकर बड़ी मात्रा में अवैध शराब रखी हुयी है। सूचना के आधार पर तत्काल सहायक आबकारी आयुक्त श्री अभिषेक तिवारी के आदेशानुसार एवं सहायक जिला आबकारी अधिकारी श्री देवेश चतुर्वेदी के नेतृत्व में टीम गठित की गयी। गठित टीम द्वारा तुरंत बताये मौके पर पहुँचकर कार्रवाई की गयी। गठित टीम द्वारा अवैध रूप से परिवहन हेतु खड़ी आयशर क्रमांक एमपी13-जीबी-3203 की जब तालाशी ली गयी तो उसमें तलाशी के दौरान टीम को 204 पेटी माउंट-6000 कैन बियर, 300 पेटी गोआ व्हिस्क कुल 504 पेटी मदिरा मिली। आबकारी विभाग ने तुरंत कार्रवाई करते हुये आयशर वाहन एवं अवैध शराब को जब्त कर अज्ञात आरोपी के विरुद्ध म.प्र. आबकारी अधिनियम, 1915 की धारा 34(1)(क) एवं 34(2) के तहत प्रकरण पंजीबद्ध किया।

## आयुष विभाग द्वारा आम नागरिकों को पोषण आहार के प्रति जागरूक करने हेतु कार्यक्रम सम्पन्न

इंदौर। सेवा पखवाड़े के तहत एमवाय हॉस्पिटल में आयुष विभाग द्वारा आम नागरिकों को पोषण आहार के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से पोषण आहार संबंधी जानकारी देने हेतु कार्यक्रम आयोजित किया गया।

कार्यक्रम में जिला आयुष अधिकारी डॉ. हंसा बारिया द्वारा पोषण आहार संबंधी तथा कुपोषण, रक्ताल्पता, मधुमेह, आदि से संबंधित जानकारी गर्भवती, धात्री महिलाओं को दी। साथ ही सप्तधातु पोषण आहार की भी जानकारी दी गई।

इस अवसर पर डॉ. जितेन्द्र भालसे ,डॉ. वंदना साहू, डॉ. राकेश गुप्ता द्वारा भोजन में विरुद्ध आहार की जानकारी देकर कार्यक्रम में उपस्थित आम नागरिकों को लाभान्वित किया। कार्यक्रम में नोडल अधिकारी डॉ. रागिनी शिवहरे, सहायक नोडल अधिकारी डॉ. अंकिता जैन, डॉ. पुष्पा गोथवाल, डॉ. सीमा आर्य, डॉ. महेश कुमार पोरवाल उपस्थित थे।

इस अवसर पर देवारण्य योजना के तहत औषधीय पौधों की प्रदर्शनी भी लगायी गयी। प्रदर्शनी में औषधीय पौधों के गुण एवं उपयोगिता के बारे में उपस्थित आम नागरिकों को जानकारी दी गयी। औषधीय पौधों के गुण बताकर उपस्थित आम नागरिकों को पौधों का वितरण भी किया गया।

## सेवा पखवाडे के अंतर्गत पौधरोपण कार्यक्रम सम्पन्न

इंदौर। सेवा पखवाडे के अंतर्गत आज बुधवार को प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के 75वें जन्म दिवस के अवसर पर श्री अटल बिहारी बाजपेई कला एवं वाणिज्य महाविद्यालय में एक पेड़ माँ के नाम से वृहद स्तर पर इण्डो शाइन ग्रुप के सहयोग से पौधारोपण का कार्यक्रम आयोजित किया गया।

पौधारोपण कार्यक्रम में जिले की विभिन्न दिव्यांगता के क्षेत्र में कार्य करने वाली संस्थाओं के बडी संख्या में दिव्यांगजनों को स्कूल एवं कॉलेजों की बसों के द्वारा लाया गया। कार्यक्रम में महापौर श्री पुष्यमित्र भार्गव, श्री गोलू शुक्ला विधायक, श्री टीनू जैन, सुश्री प्रिया पटेल वर्मा संयुक्त कलेक्टर,ब्लाइण्ड भारतीय क्रिकेट टीम के श्री सोनू गोलकर, श्री मीररंजन नेगी हॉकी खिलाडी, श्री वीरेन्द्र जैन आयकर अधिकारी,आर्ट एण्ड कॉमर्स कॉलेज की प्राचार्य, डिप्टी रेंजर के साथ-साथ इण्डो शाइन ग्रुप के संस्थापक श्री मलय दीक्षित, सुश्री शिवानी गर्ग सहित टीम के अन्य सदस्यों द्वारा उपस्थित रहकर पौधारोपण कार्यक्रम को सफल बनाया। दिव्यांग बच्चों को ग्रुप द्वारा स्वल्पाहार भी दिया गया। दिव्यांग बच्चों के द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुतियाँ दी गई।

## मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने किया प्रधानमंत्री श्री मोदी के जीवन पर केंद्रित प्रदर्शनी का उद्घाटन

इंदौर। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि सौभाग्य की बात है कि जन्मदिवस के अवसर पर प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी सबसे पहले मध्यप्रदेश की धरती पर आए और धार-निमाड़ के जनजाति अंचल को देश के सबसे बड़े टेक्सटाइल पार्क की सौगात दी। उन्होंने कहा कि विश्व के सबसे बड़े लोकतंत्र के नायक प्रधानमंत्री श्री मोदी ने देश और सनातन संस्कृति को विश्व पटल पर स्थापित किया है। उनके कुशल नेतृत्व में भारत विश्व की चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन गया है। मुख्यमंत्री डा.यादव ने कहा कि धार का पीएम मित्र पार्क निमाड़ के किसानों की आय में वृद्धि करने के साथ प्रदेश के कॉटन उद्योग को विश्व के परिदृश्य में विशेष साख प्रदान करेगा। मुख्यमंत्री



डॉ.यादव आज खजराना गणेश मंदिर परिसर में सेवा पखवाड़े के तहत प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के जीवन के 75 सफल वर्षों पर आधारित प्रदर्शनी के उद्घाटन अवसर पर आयोजित कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने खजराना सिद्ध गणेश मंदिर में दर्शन कर पूजा-अर्चना कर प्रधानमंत्री श्री मोदी के लंबे और स्वस्थ जीवन की प्रार्थना की। मुख्यमंत्री डॉ.यादव ने परिसर में आयोजित रक्तदान शिविर का भी अवलोकन किया और रक्तदानियों का धन्यवाद ज्ञापित किया। इस अवसर पर नगरीय विकास एवं आवास मंत्री श्री कैलाश विजयवर्गीय, जल संसाधन मंत्री श्री तुलसीराम सिलावट, बैतूल विधायक श्री हेमन्त खंडेलवाल, डॉ. महेंद्र सिंह, श्री हितानंद शर्मा, सांसद श्री शंकर लालवानी तथा सुश्री कविता पाटीदार, महापौर श्री पुष्यमित्र भार्गव, विधायक श्री महेंद्र हार्डिया, श्री रमेश मेंदोला, श्री गोलू शुक्ला, सुश्री ऊषा ठाकुर, श्री मधु वर्मा तथा श्री मनोज पटेल, श्री सुमित मिश्रा आदी।

## प्रधानमंत्री श्री मोदी का इंदौर आगमन पर हुआ आत्मीय स्वागत

इंदौर। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी विशेष विमान से बुधवार को इंदौर पहुंचे, जहां उनका हार्दिक स्वागत और अभिनंदन किया गया। इंदौर एयरपोर्ट पर राज्य सरकार की ओर से स्वागत के लिये मनोनीत मिनिस्टर इन वेटिंग जल संसाधन मंत्री श्री तुलसीराम सिलावट ने अंगवस्त्र भेंट कर आत्मीय स्वागत किया। प्रधानमंत्री श्री मोदी का महापौर श्री पुष्यमित्र भार्गव, सांसद श्री शंकर लालवानी और सुश्री कविता पाटीदार, विधायक श्री रमेश मेंदोला, श्री गोलू शुक्ला, श्रीमती मालिनी गौड़ तथा श्री महेंद्र हार्डिया, मुख्य सचिव श्री अनुराग जैन, डीजीपी श्री कैलाश मकवाना सहित जनप्रतिनिधि, वरिष्ठ प्रशासनिक एवं पुलिस अधिकारियों ने भी आत्मीय स्वागत किया। प्रधानमंत्री श्री मोदी इंदौर से धार जिले के भैंसोदा के लिये हेलीकॉप्टर से रवाना हुए।




वन्दे देव उमापतिम सुरगुरुं वन्दे जगत् कारणं, वन्दे पन्नग भूषणं मृगधरम वन्दे पशूनाम्पतिम, वन्दे सूर्य शशांक वह्निनयनम वन्दे मुकुंदप्रियम, वन्दे भक्त जनाश्रयम च वरदम वन्दे शिवम् शंकर ! भूतभावन बाबा श्री महाकालेश्वर भगवान सभी को आरोग्यता प्रदान करें ।

# महापौर एवं निगम आयुक्त द्वारा किया गया पीएमएव्हाय ए.एच.पी घटक अंतर्गत 03 आवासों का लॉटरी से आवंटन

## अपने सपनों का आशियाना मिलने पर हितग्राहियों के चेहरे खुषी से खिल उठे



उज्जैन। प्रधानमंत्री आवास योजना ए.एच पी घटक अंतर्गत कानीपुरा स्थित ईडब्ल्यूएस श्रेणी के तीन मकानों का लॉटरी से आवंटन प्रक्रिया गुरुवार को नगर निगम मुख्यालय में महापौर श्री मुकेष टटवाल एवं निगम आयुक्त श्री अभिलाश मिश्रा की उपस्थिति में की गई। जिसमें लॉटरी के माध्यम से प्राप्त आवासों का आवंटन होने पर हितग्राहियों के चेहरे खुषी से खिल उठे।

उल्लेखनीय है कि कानीपुरा स्थित प्रधानमंत्री आवास योजना के सी ब्लॉक में तीन फ्लैट रिक्त थे जिसमें 12 आवेदन प्राप्त हुए थे उक्त आवेदनों का लॉटरी के माध्यम से तीन फ्लैट का आवंटन हितग्राहियों को किया गया जिसमें सी 2 में 104 नंबर का फ्लैट विनीत षर्मा, सी2 में 304 नंबर का फ्लैट पायल सूर्यवंषी, बी 2 में 206 नंबर का फ्लैट सीमा षर्मा को लॉटरी के माध्यम से आवंटित हुआ।

इस दौरान एमआईसी सदस्य श्री जितेंद्र कुवाल, श्री रजत मेहता, श्री षिवेंद्र तिवारी, श्री कैलाष प्रजापत, डॉ योगेश्वरी राठौर, श्रीमती सुगन बाबूलाल बाघेला, पार्शद श्री गब्बर भाटी, श्रीमती लीला वर्मा, अपर आयुक्त श्री संतोश टैगोर, उपायुक्त श्री मनोज मौर्य, कार्यपालन यात्री श्री पीसी यादव, जोनल अधिकारी श्री राघवेंद्र सिंह पलिया उपस्थित रहे।

# स्वस्थ नारी, सशक्त परिवार अभियान महिलाओं की ज़िंदगी बदलेगा या फिर खोखला नारा बनेगा

## मध्यप्रदेश में 18 बलात्कार हर दिन, 23 हज़ार महिलाएँ लापता, कुपोषण का गढ़

उज्जैन। 'स्वस्थ नारी, सशक्त परिवार अभियान' का शुभारंभ करने आए प्रधानमं

त्री नरेंद्र मोदी को मध्यप्रदेश महिला कांग्रेस कार्यकारी अध्यक्ष नूरी खान ने मध्यप्रदेश में महिलाओं की दयनीय स्थिति बताई। नूरी खान ने कहा 18 बलात्कार हर दिन, 23 हज़ार महिलाएँ लापता है, मध्यप्रदेश की बहनों की यही है असलियत। 'धार अब भी कुपोषण का गढ़ है, पुरानी योजनाएँ विफल हो रही हैं। ऐसे में महिला कांग्रेस ने सवाल उठाया प्रधानमंत्री मोदीजी द्वारा प्रारंभ किया यह नया अभियान महिलाओं की ज़िंदगी बदलेगा या फिर खोखला नारा बनेगा।

नूरी खान ने कहा प्रधानमंत्री की धार यात्रा और नये अभियान का महिला कांग्रेस स्वागत करती है कि महिलाओं के स्वास्थ्य पर चर्चा हो, लेकिन यह सवाल भी उठाती है कि जब पहले से चली आ रही योजनाएँ ज़मीन पर विफल साबित हुईं, तो नया अभियान कितना असरदार होगा प्रधानमंत्री मातृत्व वंदना योजना के तहत गर्भवती महिलाओं को पोषण और आर्थिक सहायता देने का वादा था। लेकिन प्रदेश में 50 प्रतिशत से अधिक महिलाओं को लाभ समय पर नहीं मिला। भुगतान में देरी और भ्रष्टाचार की शिकायतें लगातार आ रही हैं। पोषण अभियान, जिस धार में नई योजना लेकर मोदीजी आए वह धार ज़िला अब भी कुपोषण का गढ़ है। ताज़ा आँकड़ों के मुताबिक 3,901 बच्चे एसएएम, 7,434 बच्चे एमएएम से पीड़ित हैं, आँगनवाड़ी आँकड़ों के अनुसार 42 प्रतिशत बच्चे अंडरवेट हैं। आयुष्मान भारत योजना में लाखों कार्ड बने लेकिन गरीब महिलाओं को अस्पतालों में इलाज नहीं मिला। ग्रामीण महिलाएँ प्रसूति सेवाओं के लिए निजी अस्पतालों पर निर्भर है। मध्यप्रदेश की महिलाओं की वर्तमान स्थिति यह है कि एनसीआरबी 2024 ऽ प्रदेश में प्रतिदिन 18-20 बलात्कार, जनवरी 2024 से जून 2025 तक 23,129 महिलाएँ और लड़कियाँ लापता हैं। धार ज़िले में 42.54 प्रतिशत बच्चे अंडरवेट, प्रदेशभर में 20,000 से अधिक बच्चे गंभीर कुपोषण से जूझ रहे।

## रक्तदान शिविर में 56 यूनिट रक्त एकत्र, रक्तदाओं का किया सम्मान



उज्जैन। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस के उपलक्ष्य में रोटरी ब्लड बैंक और पुष्पा मिशन हॉस्पिटल द्वारा रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में 56 यूनिट रक्त एकत्र हुआ।

रोटरी क्लब के अध्यक्ष रोट ईश्वर चंद्र दुबे, सचिव रोट उरूसा हाशमी और रीजनल चेयर रोट फादर एंथनी पी.जे.ने रक्तदाताओं को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर रोट शाहिद हाशमी, रोट धीरेंद्र रैना, रोट डॉ. कीर्ति हाड़ा और अन्य सदस्य उपस्थित रहे।

# जिम्नास्टिक्स के विकास लिए आजीवन सदस्यता ली



उज्जैन। उज्जैन जिला जिम्नास्टिक एसोसोशिशन के तत्वाधान में महार जवाड़ा जिम्नास्टिक्स सेंटर पर शहर के गणमान्य एवं समाजसेवियो ने उज्जैन जिला जिम्नास्टिक एसोसिएशन की आजीवन सदस्यता ग्रहण की एवं जिमानास्टिक के उत्थान के लिए संकल्प लिया।

उज्जैन जिला जिमनास्टिक्स के सचिव ओ पी शर्मा ने बताया कि पूर्व वरिष्ठ जिमनास्ट एम जी सूपेकर, बी एस अजमेरी वरिष्ठ समाजसेवी सेवानिवृत्त बैंक प्रबंधक, सुनील गुप्ता युवा व्यवसाई एवं समाजसेवी, गोपाल बंसल पूर्व प. रेलवे जिम्नास्टिक कोच एवं वर्तमान में व्यवसाई, सज्जन सिंह श्रीवास सेवानिवृत्त शिक्षक एवं समाजसेवी, सत्यनारायण सोलंकी व्यवसाई एवं समाज सेवी, श्री पटेल सेवानिवृत्त पुलिस विभाग, संजय डांगी एवं सुनील कुशवाह ने संस्था अध्यक्ष सावन बजाज की पहल पर उज्जैन जिला जिम्नास्टिक्स एसोसिएशन की आजीवन सदस्यता ग्रहण की एवं खिलाड़ियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की। नवागंतुक आजीवन सभी सदस्यों को संरक्षक नारायण यादव एवं कलावती यादव द्वारा बधाई प्रेषित की गई। इस अवसर पर एसोसिएशन के पदाधिकारीगण के रूप में कोषाध्यक्ष संजय जोहरी, प्रशिक्षक मनोहर शर्मा, नरेंद्र श्रीवास्तव, नवीन आर्य, सुनील जाधव, अविनाश श्रीवास, राजकुमार सोलंकी, आयुष त्रिवेदी, वैबव मालवीय, जितेंद्र शर्मा, महेंद्र राजपूत आदि।

# स्मार्ट निवेशक एवं जागरूकता कार्यक्रम विषय पर हुआ व्याख्यान

## आनलाइन धोखाधड़ी से बचाव व सावधानियों के संबंध में छात्राओं को अवगत कराया




उज्जैन। शासकीय कालिदास कन्या महाविद्यालय के वाणिज्य विभाग में स्मार्ट निवेशक एवं जागरूकता कार्यक्रम विषय पर व्याख्यान श्रृंखला आयोजित की गई जिसमें विषय विशेषज्ञ रिजवाना खान ने व्याख्यान दिया।

कार्यक्रम की वक्ता रिजवाना खान ने अपने व्याख्यान में वित्तीय जागरूकता, बजट नियोजन, बचत एवं निवेश, निवेश की विभिन्न शासकीय योजनाओं, भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड एवं शेयर मार्केट साथ ही आनलाइन धोखाधड़ी से बचाव व सावधानियों के संबंध में छात्राओं को अवगत कराया। इस कार्यशाला की अध्यक्षता कर रहे महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. अजय भार्गव ने गोल्ड एवं बॉन्ड में निवेश और महिलाओं को छोट-छोटी बचत करने पर विशेष बल दिया। इस संदर्भ में वाणिज्य विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. महेन्द्र कुमार जैन ने अतिथियों का स्वागत एवं सम्मान किया। उक्त कार्यक्रम में महाविद्यालय की छात्राओं ने उत्साह पूर्वक भाग लिया एवं विषय से संबंधित समस्याओं के समाधान हेतु अपने प्रश्नों को प्रस्तुत किया जिसका समाधान विषय विशेषज्ञ द्वारा किया गया। कार्यक्रम का संचालन डॉ. स्मिता देराश्री एवं डॉ. गुंजन जैन ने आधार व्यक्त किया। इस कार्यक्रम में वाणिज्य विभाग के प्राध्यापक डॉ. सीमा उपाध्याय एवं सिद्धिका पुंगेरा उपस्थित रहे।

# रिश्तो की बहार में दिखी रिश्तों की मजबूती




उज्जैन। अग्रवाल आराध्या क्लब द्वारा अग्रसेन जयंती महोत्सव 2025 के अंतर्गत अग्रवाल धर्मशाला मोदी की गली में ÷रिश्तो की बहार÷ ग्रैंड गेम शो का आयोजन किया गया। अग्रवाल आराध्या क्लब के इस मजेदार और रोमांचक गेम शो में अपने करीबी रिश्तेदारो के साथ समाज की महिलाएं मंच पर आई।

क्लब अध्यक्ष मीना गर्ग ने बताया कि प्रतियोगिता में प्रश्नावली राउंड में अपने ज्ञान का प्रदर्शन कर रिश्ते की समझ दिखाई। अपने रिश्ते की मजबूती को परखा। रिलेशन राउंड में अपने रिश्ते की गहराई को दिखाया और अपने साथी के साथ जुड़ाव को मजबूत बनाया। सरप्राइज राउंड में अनपेक्षित और रोमांचक अंदाज में अपने रिश्ते की परीक्षा ली और इनाम जीते। सभी भाग लेने वाले प्रतियोगियों को पुरस्कृत किया गया। इस दौरान क्लब सदस्य आकांक्षा अग्रवाल, रितु अग्रवाल, आशिता, पलक अग्रवाल, संध्या अग्रवाल, बबीता, भारती, राधिका अग्रवाल, श्रद्धा गर्ग, ममता गोयल, ललित टीबड़ेवाला, प्रियंका, सोनाली अग्रवाल, नीलू, सोनिया मित्तल, नीलम, संगीता अग्रवाल, ममता, ज्योति अग्रवाल, श्वेता, अंजू गुप्ता, मेघना, माला अग्रवाल, रीना, ममता अग्रवाल, पिंकी, ममता गोयल आदि मौजूद रही।

स्वामी हिन्दकुश मीडिया के लिए संपादक, प्रकाशक, मुद्रक श्रीमती सीमा वशिष्ठ द्वारा 124, महाश्वेता नगर उज्जैन, ( म.प्र. ) से प्रकाशित तथा 6 निर्माण नगर उज्जैन, ( म.प्र. ) से मुद्रित, मो. 09826322221, परम चैतन्य 09329640700 Email : hindkushmedia@gmail.com